



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

**सुनालिया ज्वेलर्स**
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 280 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 12 जुलाई 2025 डाक 13 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए





# रोजगार मेला : पीएम मोदी ने 51,000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

## बोले- बिना पर्ची, बिना खर्ची हो रही भर्ती



**नईदिल्ली, 12 जुलाई [एजेंसी]।** देशभर के 47 शहरों में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं को एक बड़ी सौगात देते हुए 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारदर्शी और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लाखों युवाओं को ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से नौकरी मिली है और वे आज राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मंत्र है.. बिना पर्ची, बिना खर्ची। युवाओं के संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अलग-अलग विभागों में नियुक्त हो रहे ये युवा आने वाले समय में देश के विकास की रफ्तार को तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ देश की रक्षा करेंगे, कुछ सबका साथ, सबका विकास के सच्चे सिपाही बनेंगे। कुछ वित्तीय समावेशन मिशन को मजबूत करेंगे, तो कुछ उद्योगों के विकास में योगदान देंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भले ही नियुक्ति पाने वाले युवाओं के विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन उनका उद्देश्य एक ही है राष्ट्र सेवा। उन्होंने कहा कि आपके विभाग अलग हो सकते हैं, लेकिन आप सब एक ही शरीर के अंग हैं, और वह है- देश की सेवा।

इस दौरान पीएम मोदी ने खास तौर पर इस बात पर जोर दिया कि रोजगार मेले के अभियान ने यह विश्वास जगाया है कि सरकारी नौकरी अब सिफारिश या रिश्वत के बिना भी मिल सकती है, केवल काबिलियत के आधार पर। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की तरफ से आयोजित रोजगार मेला एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य युवाओं को तेज और पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियों में नियुक्त करना है। इसके तहत अब तक लाखों युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में रोजगार मिल चुका है। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, इस अभियान ने यह विश्वास जगाया है कि सरकारी नौकरी अब सिफारिश या रिश्वत के बिना भी मिल सकती है, केवल काबिलियत के आधार पर।

# नासा करेगा एक्सियम मिशन-4 के प्रस्थान का सीधा प्रसारण



**नईदिल्ली, 12 जुलाई [एजेंसी]।** नासा ने घोषणा की है कि वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से एक्सियम मिशन-4 के प्रस्थान और पृथ्वी पर वापसी का सीधा प्रसारण करेगा। यह मिशन एक निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन है, जिसमें भारत के शुभांशु शुक्ला समेत 4 अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। प्रस्थान 14 जुलाई, सोमवार को सुबह 7.05 बजे (ईस्टर्न डेलाइट टाइम) अंतरिक्ष स्टेशन के हॉर्मनी मॉड्यूल के स्पेस-फेसिंग पोर्ट से स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए होने की संभावना है। पृथ्वी वापसी के बाद यह यान कैलिफोर्निया तट के पास सागर में लैंड करेगा। नासा की कवरेज सुबह 4.30 बजे हैच क्लोजिंग के साथ शुरू होगी और इसे नासा+ सहित कई सोशल मीडिया और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर देखा जा सकेगा। 4.55 बजे चालक दल ड्रैगन यान में प्रवेश करेगा और हैच बंद की जाएगी। इसके बाद 6.45 बजे अंडॉकिंग कवरेज शुरू होगी और 7-05 बजे यान अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होगा। प्रसारण यान के अलग होने के 30 मिनट बाद तक जारी रहेगी, जिसके बाद एक्सिओम स्पेस अपने प्लेटफॉर्म पर ड्रैगन की पृथ्वी वापसी और स्प्लैशडाउन का प्रसारण करेगा।

इस मिशन में शामिल अंतरिक्ष यात्रियों में पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान की निदेशक पेगी व्हिटसन, इसरो के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, पोलैंड के ईएसए (यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी) प्रोजेक्ट अंतरिक्ष यात्री स्लावोस उजनांस्की-विसनेव्स्की और हंगरी के हुनोर अंतरिक्ष कार्यक्रम से टिबोर कपू शामिल हैं। ये सभी अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में करीब दो सप्ताह बिता चुके हैं और अब यह मिशन अपनी समाप्ति की ओर है।

## बच्चों से भरी स्कूल वैन बिजली के पोल से टकराकर खेत में पलटी, हादसे से मची चीखपुकार



**पीलीभीत।** जिले के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव पिपरा मुंजसा के पास स्कूल के बच्चों से भरी वैन बिजली के पोल से टकराकर खेत में पलट गई। हादसे से खलबली मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन वैन चालक फरार हो गया। हादसा शनिवार सुबह के समय हुआ। गांव जोगराजपुर के सरस्वती शिक्षा निकेतन विद्या मंदिर स्कूल की वैन को जोगराजपुर का रहने वाला दिनेश चलाता है। वह सुबह गांव ककरौआ बबरौआ से आधा दर्जन बच्चों को बैठाकर गांव पिपरा मुंजसा के बच्चों को लेने जा रहा था। गांव के पास मोड़ पर अचानक वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित बिजली के पोल से टकराकर खेत में पलट गई। इससे वैन में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। गनीमत रही कि किसी बच्चे के गंभीर चोट नहीं लगी। हादसे के बाद चालक दिनेश शराब के नशे में होने की चर्चा है। हादसे के बाद वैन छोड़कर चालक फरार हो गया।

## नकली सिगरेट रैकेट का भंडाफोड़, एसटीएफ ने पकड़े 22 हजार पैकेट, करोड़ों की टैक्स चोरी उजागर



**देहरादून, 12 जुलाई [एजेंसी]।** दून में नकली सिगरेट के गोरखधंधे का भंडाफोड़ हुआ है। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने ब्रांड की नकल सिगरेट बेचने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 22 हजार एक सौ नकली सिगरेट के पैकेट बरामद किए हैं। कार्रवाई में नकली उत्पाद तैयार कर सरकारी राजस्व को भारी चूना लगाए जाने का खुलासा हुआ है। दिल्ली और मुजफ्फरनगर से गिरोह संचालित किया जा रहा था, जिसके चलते एसटीएफ की टीमें भी दूसरे राज्यों के लिए रवाना कर दी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि इस रैकेट का भंडाफोड़ तब हुआ जब लांसर नेटवर्क कंपनी के मैनेजर अनुकल्प सिंह ने एसटीएफ को सूचना दी कि देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में गोल्ड फ्लैक और अन्य ब्रांडेड सिगरेट की नकली डिब्बियां अवैध रूप से बेची जा रही हैं।

## चरणदास महंत ने कल कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई



**रायपुर 12 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इससे ठीक एक दिन पहले 13 जुलाई को कांग्रेस बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी। कांग्रेस के सभी विधायकों को इसके लिए रायपुर पहुंचने कहा गया है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। रायपुर के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में यह बैठक आयोजित होगी। राज्य सरकार ने बिजली की दरों में 20 पैसे की बढ़ोतरी की है। इसे लेकर कांग्रेस आक्रामक है। यह मुद्दा विधानसभा में उठाया जाएगा। किसानों को खाद डीएपी न मिलने का भी मुद्दा लगातार कांग्रेस उठा रही है। हालांकि सरकार की ओर से दावा यह किया गया है कि पर्याप्त मात्रा में सप्लाई की जा रही है। इस मसले पर विधानसभा के भीतर बहस छिड़ सकती है। प्रदेश के कुछ इलाकों में जंगलों की कटाई भी की गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस लगातार आंदोलन कर रही है। यह मुद्दा भी सदन में गूंजेगा।

भारतीय जनता पार्टी शराब घोटाले के मामले को भी सदन में उछलने की तैयारी में है। हाल ही में 20 से ज्यादा अधिकारियों को इस मामले में सस्पेंड भी किया गया था। कांग्रेस सरकार के समय इस घोटाले को यही अधिकारी संचालित करने में शामिल थे। इस मसले पर भाजपा कांग्रेस आमने-सामने होगी।

### अनियंत्रित कार नहर में गिरी परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**बिहार।** बिहार की राजधानी पटना जिले में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां एक कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। वहीं, इस हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना जिले के रानीतालाब थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कार में पांच लोग सवार थे। इसी दौरान सरैया गांव के पास नहर मार्ग पर कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस हादसे में कार सवार सभी पांच लोग घायल हो गए।

## अब पंजाब में देख पाएंगे बैलगाड़ियों की रेस, 11 साल बाद हटी पाबंदी, मान सरकार का बड़ा ऐलान



**चंडीगढ़, 12 जुलाई [एजेंसी]।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि बैलों को पंजाब में किसान अपने बेटे की तरह पालते हैं। बैलगाड़ी दौड़ में हिस्सा लेने वाले बैलों की खुराक ही लाखों में होती है। बैलगाड़ी दौड़ पंजाब के सभ्याचार से जुड़ा हुई है। गुरु नानक देव जी ने भी बैलों से खेती की थी। उन्होंने कहा कि पंजाब पशु क्रूरता रोकथाम (पंजाब संशोधन) अधिनियम-2025 का मुख्य उद्देश्य खेलों में भाग लेने वाले पशुओं के लिए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करना है जिसमें पशुओं की पशु चिकित्सा निगरानी, सुरक्षा मानक, पंजीकरण/दस्तावेज और उल्लंघनों के लिए सजा शामिल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि गांवों में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने से पंजाब की देसी पशु नस्लों को बचाने में भी मदद मिलेगी। पंजाब में बैलगाड़ी दौड़ का रास्ता साफ करने वाले विधेयक पर हुई बहस में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री ने ये बातें कहीं।

## निपाह वायरस की दस्तक के बाद पड़ोसी राज्य सतर्क

**चेन्नई।** केरल के पलक्कड़ और मलप्पुरम जिलों में निपाह वायरस के संक्रमण की खबरों के बाद, तमिलनाडु लोक स्वास्थ्य एवं निवारक चिकित्सा निदेशालय ने जनता को आश्वस्त किया है कि घबराने की कोई बात नहीं है, क्योंकि चिकित्सा दल किसी भी संदिग्ध मामले पर नजर रखने और त्वरित कार्रवाई करने के लिए हाई अलर्ट पर हैं। शनिवार को एक आधिकारिक विज्ञप्ति में, विभाग ने कहा कि तमिलनाडु में अभी तक निपाह का कोई मामला सामने नहीं आया है और किसी भी संभावित प्रकोप को रोकने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

## अंबिकापुर में बड़ा हादसा, दो की मौत



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिल रहा है। अंबिकापुर की ओर आ रही कार हादसे का शिकार हो गई. तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। दर्दनाक हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं 3 की हालत गंभीर है। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र के चठिरमा के पास की है। जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार कार में तीन युवक और दो युवती सवार होकर अंबिकापुर आ रहे थे। इस दौरान चठिरमा के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

हादसे में एक युवक और युवती की मौके पर ही मौत हो गई। जोरदार भिड़ंत की आवाज से आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरामद किया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# दिल्ली दौरे पर राहुल गांधी से मुलाकात न होने पर सिद्धारमैया ने दी सफाई, बीजेपी के आरोपों को किया खारिज



**बंगलूरू।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया नेभाजपा नेता अमित मालवीय के उस आरोप को खारिज किया है जिसमें कहा गया था कि राहुल गांधी ने उन्हें मिलने से इनकार कर उनका अपमान किया। मालवीय के इन आरोपों पर सिद्धारमैया ने साफ कहा कि उनका दिल्ली दौरा सिर्फ मैसूरु के दशहरा एयर शो के संबंध में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलने के लिए था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिद्धारमैया ने लिखा कि दिल्ली में मेरे दौरे का मुख्य उद्देश्य रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर मैसूरु दशहरा एयर शो पर चर्चा करना था। सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि राहुल गांधी को कर्नाटक के लोगों से बेहद स्नेह है। वह हमेशा याद करते हैं कि कैसे श्रीमती इंदिरा गांधी और श्रीमती सोनिया गांधी कर्नाटक से चुनी गई थीं और कैसे इस राज्य ने हर मुश्किल घड़ी में कांग्रेस का साथ दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि गांधी परिवार कर्नाटक के लोगों के प्यार और समर्थन के लिए हमेशा ऋणी रहेगा और एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खुद एक गौरवशाली कन्नड़िगा हैं। राहुल गांधी से मुलाकात ना होने को लेकर अपनी सफाई देते हुए सीएम सिद्धारमैया ने भाजपा पर जमकर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी कर्नाटक में बदलाव और विकास लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, तब भाजपा ने कन्नड़िगों को उनके हक का केंद्रीय फंड तक नहीं दिया।

यहां तक कि जब कर्नाटक में बाढ़ आई, तब प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी ने एक शब्द भी नहीं कहा। सिद्धारमैया ने यह भी आरोप लगाया कि कर्नाटक से भाजपा सांसदों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने खड़े होने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के लिए कर्नाटक केवल चुनावों के समय याद आता है, जबकि कांग्रेस के लिए कर्नाटक की भलाई एक रोज का संकल्प है। इसके साथ ही सिद्धारमैया ने यह भी साफ किया कि कांग्रेस हाईकमान के साथ मुख्यमंत्री बदलने को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है।

## इंद्रावती नदी में डूबे एक और युवक की लाश मिली

**दंतेवाड़ा, 12 जुलाई [एजेंसी]।** जिले से होकर बहने वाली इंद्रावती नदी में डूबे एक युवक का 3 दिन बाद शव मिला है। जिस जगह नाव पलटी थी उससे ठीक 4 किमी की दूरी पर चट्टानों के बीच उसकी लाश फंसी मिली। दरअसल, इस हादसे में 2 लोग बहे थे। एक का रेस्क्यू कर उसकी जान बचा ली गई थी। मामला जिले के बारसूर थाना क्षेत्र का है। दरअसल, ये दोनों ग्रामीण बारसूर के पास स्थित मंगनार के रहने वाले हैं। 8 जुलाई को नाव के सहारे बोधघाट बाजार गए हुए थे। एक का नाम महेश ओयामी (15) है तो वहीं दूसरा जग्गू लेकामी (18) है। उसी दिन देर शाम बाजार से लौटते वक्त इंद्रावती और गुडरा नदी के संगम में तेज बहाव के चलते इनकी नाव पलट गई थी। नाव ये खुद ही चला रहे थे।

## 1.63 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा ने आस्था और भक्ति का एक नया इतिहास रच दिया है। 3 जुलाई से शुरू हुई इस पवित्र यात्रा में अब तक 1.63 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। इसके साथ ही शनिवार को जम्मू से 6,639 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 3 जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा में अब तक 1.63 लाख लोग बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...


पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# हापुड़ में भरभराकर कर गिरी मकान की छत, हादसे में सात लोग दबे, एक की मौत



**पिलखुवा (हापुड़)।** कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर की मढ़ैया में कल देर रात एक दुखद हादसा हुआ। जब भारी वर्षा के कारण एक मकान की छत गिर गई। इस हादसे में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि परिवार के छह अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय शेखर अपने परिवार के साथ रघुनाथपुर गांव में रहते हैं। वह कामगार हैं। उनके परिवार में 30 वर्षीय पत्नी रजनी, 10 वर्षीय बेटी तान्या, दीपांशी नौ साल, काव्या छह साल और भूमि तीन साल और 13 वर्षीय भतीजा मयंक शामिल हैं।

## पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, एयरपोर्ट डायरेक्टर को एक ईमेल मिला, जांच में जुटी पुलिस



**पटना।** राजधानी पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कल रात 9.09 बजे बम की धमकी वाला एक संदिग्ध ईमेल आया। यह ईमेल एयरपोर्ट निदेशक के आधिकारिक मेल आईडी pk_nawas@outlook.com पर भेजा गया था, जिसे रात 9.50 बजे देखा गया। इस धमकी भरे संदेश ने एयरपोर्ट अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मचा दी। धमकी की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की गई। पटना एयरपोर्ट के प्रशासनिक भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में रात 10.05 बजे बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) की एक आपात बैठक बुलाई गई। इस बैठक में एयरपोर्ट अथॉरिटी, स्थानीय पुलिस, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और अन्य संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# रियायती दर पर खाद-बीज की उपलब्धता से किसानों को मिल रहा प्रोत्साहन




## बिना तनाव खेतो में कर रहे धान की बुआई

**कोरबा ।** बरसात के साथ ही खेतों में हरियाली लौट आई है और किसानों के चेहरे पर फिर से मेहनत की चमक दिखाई दे रही है। खरीफ सीजन की बुआई जोरों पर है। सरकार की ओर से किसानों को पहले ही वह हर सहायता मिल रही है, जिसकी उन्हें आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के किसानों को रियायती दरों पर समय पर खाद और बीज की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे खेती का कार्य न केवल समय पर हो रहा है, बल्कि किसानों की लागत भी घट रही है।

जिले के ग्राम जामबहार के किसान श्री जगत पाल सिंह जो इस वर्ष शासन की योजनाओं का लाभ लेकर अत्यंत संतुष्ट और प्रेरित हैं। 22 एकड़ भूमि में खेती करने वाले श्री सिंह ने इस खरीफ सीजन में सहकारी समिति सोनपुरी पहुंच कर यूरिया और डीएपी उर्वरक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस बार उन्हें न तो लाइन में लगना पड़ा और न ही किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ा। श्री जगत पाल सिंह कहते हैं, सरकार की यह योजना हम जैसे किसानों के लिए बहुत सहायक सिद्ध हो रही है। सहकारी समिति से मुझे समय पर खाद-बीज मिल गया, वो भी रियायती दर पर। इससे न केवल मेरी लागत कम हुई, बल्कि बुवाई भी समय पर कर पाया। उन्होंने यह भी कहा कि 22 एकड़ भूमि में खेती करना एक चुनौती है, लेकिन इस बार शासन की तैयारी और व्यवस्था ने यह काम आसान कर दिया। शासन द्वारा समय पर खाद और बीज की आपूर्ति ने न केवल किसानों को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि खेती के प्रति विश्वास भी बढ़ाया है।

नैनो डीएपी: भविष्य की खेती का स्मार्ट समाधान

श्री सिंह ने डीएपी और यूरिया उर्वरक के साथ ही नैनो डीएपी के उपयोग को भी एक क्रांतिकारी पहल बताया। नैनो डीएपी एक प्रभावशाली और आधुनिक समाधान है। कम मात्रा में ज्यादा असर देने वाला यह उर्वरक खेती में नया विश्वास जगा रहा है।

इसके उपयोग से उत्पादन में वृद्धि की पूरी संभावना है और इसका प्रयोग भी बेहद सरल है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों की समृद्धि को केंद्र में रखकर जो योजनाएँ बनाई गई हैं, वे अब ग्रामीण अंचलों तक पहुँच रही हैं। सहकारी समितियों के माध्यम से समय पर खाद-बीज की आपूर्ति, रियायती दरों की सुविधा और पारदर्शी वितरण प्रणाली जैसे प्रयासों ने किसान जगत पाल सिंह जैसे हज़ारों किसानों को सशक्त बनाया है।श्री जगत पाल सिंह ने छत्तीसगढ़ शासन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'सरकार की योजनाओं से हम किसानों को जो भरोसा मिला है, वह अनमोल है। सहकारी समितियों की व्यवस्था ने हमारी चिंताओं को दूर कर दिया है और अब हम खेती पर पूरी तरह से ध्यान दे पा रहे हैं।

# सड़क पर एक तरफ वाहनों की लाइन जल भराव के बीच से आवाजाही



**कोरबा।** लंबे समय से ट्रांसपोर्ट नगर इंदिरा स्टेडियम से होकर सीएसईबी चौराहा को जाने वाला मार्ग समस्यामूलक बना हुआ है। इस परेशानी से मुक्त करने और लोगों को सहूलियत देने की इरादे से नगर निगम डेढ़ करोड़ रुपए खर्च कर रोड डिवाइडर बनवा रहा है। वर्तमान में सड़क के एक तरफ ट्रैकों का कब्जा है और दूसरी तरफ जल भराव के बीच से लोगों को आना-जाना करना पड़ रहा है।

बारिश में यह रास्ता लोगों के लिए और सर दर्द साबित हो रहा है। नगर पालिका निगम और ट्रैफिक पुलिस ने कुछ महीने पहले इस रास्ते पर बनी समस्या का विश्लेषण किया और फिर इसके समाधान के लिए विकल्प निकाले। इसी के अंतर्गत सुनिश्चित किया गया कि इंदिरा स्टेडियम के सामने से लेकर सीएसईबी चौराहे तक रोड डिवाइडर की व्यवस्था की जाए। माना गया था कि ऐसा होने पर वाहनों को अपनी अपनी दिशा में चलाया जा सकेगा और बेमतलब के अतिक्रमण को रोकने में सुविधा होगी। वर्तमान में रोड डिवाइडर का निर्माण जारी है। इस स्थिति में रोड के एक ही तरफ भारी वाहनों की लाइन लग जा रही है जबकि छोटे वाहन और आम लोग दूसरी तरफ से आना-जाना कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस तरफ बारिश का पानी जमा हुआ है और इसी पर से होकर हर किसी को चलना पड़ रहा है। नागरिकोण नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराया है कि रास्ते पर मौजूद समस्याओं को हल किया जाए ताकि राहत प्राप्त हो

## प्रदीप मिश्रा कोरबा पहुंचे, आनलाइन कथा आज से



**कोरबा।** जिले में शिव महापुराण कथा के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई थी जिस पर अब विराम लग गया है । दरअसल विश्व विख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शुक्रवार को कोरबा पहुंच गए हैं, जहाँ भक्तों ने उनका आत्मीय स्वागत किया । आज 12 जुलाई से मीरा रिजॉर्ट में शिव महापुराण कथा की शुरुआत होगी। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने पंडित प्रदीप मिश्रा का स्वागत किया और उनके प्रवचन की तैयारी की जानकारी दी।मीरा रिजॉर्ट में लगभग 300 लोगों की बैठने की व्यवस्था की गई है, जिसमें जजमान और विशेष रूप से आमंत्रित श्रद्धालु हैं वही कथा में शामिल होंगे। इसके अलावा, पूरी कथा आस्था चैनल में दोपहर 1: 00 बजे से शाम 4: 00 तक नियमित रूप से प्रसारित की जाएगी । साथ ही सोशल मीडिया के जरिए भी कथा ऑनलाइन सुनी जा सकती है, जिससे दूर-दराज के भक्त भी पंडित प्रदीप मिश्रा के प्रवचन का लाभ उठा सकेंगे। आयोजकों का कहना है कि प्रतिकूल मौसम, स्थान की समस्या और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऐसा निर्णय लिया गया है।

## एसईसीएल अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा बाँकीमोंगरा विपक्षी पार्षद दलों ने खोला मोर्चा

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम बाँकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के बाँकीमोंगरा क्षेत्र में एसईसीएल अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी, लापरवाही का आरोप लगा कचरा गाड़ी में शव ढोने के मामले में नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास के नेतृत्व में नारेबाज़ी करते हुए प्रबंधन को जमकर लताड़ लगाते हुए बेशर्म फ़ुल का गुलदस्ता भेट करने पहुँचे।

साथ ही साथ निजी मरीजो के लिये एम्बुलेंस की सुविधा देने, उचित इलाज प्रदान करने एव दवाई ख़रीदी में कमीशनखोरी बंद करने की माँग को लेकर सीएमएचओ एसईसीएल बाँकी मोंगरा को पत्र दे उचित कार्यवाही की माँग की गई, अन्यथा आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास ने कहा कीबाँकी मोंगरा क्षेत्र से एसईसीएल ने करोड़ों का राजस्व प्राप्त किया और आज जब खदाने बंद होने लगी तो अपने जिम्मेदारियों से पीछे हट रहा है ना तो प्रशिक्षित कर्मचारी है और न ही दवाई। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी को एसईसीएल में कार्य करते करते जिसके पाती की मृत्यु हो गई, उसे आख़िरी समय में कचरे के गाड़ी में मृत शरीर को ले जाना पड़ा इस हरकत के लिए तो जीतनी निंदा की जाये कम है।

## लायंस क्लब कटघोरा-छुरी ने भारत भवन में किया पौधरोपण

**कोरबा ।** कटघोरा लायंस क्लब कटघोरा छुरी ने उत्तम सस्ते के आतिथ्य में भारत भवन खुटरीगढ़ में पौधरोपण किया। क्लब के कोषाध्यक्ष राकेश गोयल ने बताया कि हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। मुख्य अतिथि उत्तम सस्ते ने बताया कि पेड़ लगाना पुण्य का कार्य है, लेकिन पेड़ को केवल लगा देने से हमारी जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती है। इसकी देखरेख भी जरूरी है।उन्होंने कहा कि यदि पर्यावरण को बचाना है और वायुमंडल के प्रदूषण को समाप्त करना है तो पौधरोपण जरूरी है। यह महत्वपूर्ण कार्य लायंस क्लब कर रही है, जो सराहनीय है। सदस्यों ने एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत फलदार व छायादार अमरूद, पीपल, नीम, कटहल, आम के पौधों का रोपण किया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन कोरबा एवं एनटीपीसी की अभिनव पहल

## कोरबा के युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर, रायपुर में कर सकेंगे सिविल सेवा परीक्षा हेतु निःशुल्क आवासीय कोचिंग

**कोरबा।** यदि आप छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में सफलता का सपना देख रहे हैं, लेकिन महंगी कोचिंग और शहरों में रहने का खर्च आपके सपनों के आड़े आ रहा है, तो कोरबा जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है! जिला प्रशासन एवं एनटीपीसी द्वारा निजी कोचिंग संस्थाओं के माध्यम से पात्र अभ्यर्थियों को रायपुर में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण, भोजन और शिक्षण उपलब्ध कराने की अनूठी पहल की जा रही है।

### आपके सपनों को मिलेगी उड़ानः

यह योजना कोरबा जिले के उन मेहनती और प्रतिभावान युवाओं के लिए वरदान साबित होगी जो आर्थिक चुनौतियों के कारण अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पाते। एक वर्ष की इस पूर्णतः निःशुल्क आवासीय कोचिंग में आपको ब्ळ्च्ब् प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा की गहन तैयारी करवाई जाएगी। इतना ही नहीं, यदि आप साक्षात्कार के लिए चयनित होते हैं, तो उसके लिए भी विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। सोचिए, रायपुर जैसे बड़े शहर में उच्च स्तरीय कोचिंग, रहने और खाने का पूरा खर्च अब जिला प्रशासन एवं एनटीपीसी उठाएगा।

### मुख्य बातें, जो आपको आकर्षित करेंगीः

पूर्णतः निःशुल्कः प्रशिक्षण, भोजन और आवास का कोई शुल्क नहीं।

अवधिः अधिकतम 01 वर्ष की गहन कोचिंग।

स्थानः छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में प्रतिष्ठित निजी कोचिंग संस्थान द्वारा प्रशिक्षण। सीटेंः कुल 100 सीटें, केवल कोरबा जिले के मूल निवासी आवेदन कर सकेंगे एवं चयन कोरबा जिले के आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए कोचिंग संस्था द्वारा किया जायेगा।

### कौन कर सकता है आवेदन

यदि आप कोरबा जिले के मूल निवासी हैं, 01.01.2025 को आपकी आयु 20 से 30 वर्ष के बीच है, आपने किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है, और आपके परिवार की वार्षिक आय ?5.00 लाख तक है, तो यह अवसर आपके लिए ही है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए विशेष प्रावधान भी हैं, बशर्ते वे छत्तीसगढ़ राज्य के स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

### अंतिम तिथि न भूलेंः

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 06 अगस्त 2025, शाम 03:30 बजे तक है। विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र के लिए आप सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा कार्यालय, आईटीआई रामपुर, कलेक्टोरेट परिसर बिल्डिंग-प्रथम तल कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन कोड 495677 से संपर्क कर सकते हैं या जिला-कोरबा की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

यह आपके जीवन को बदलने वाला अवसर हो सकता है। सीजी पीएससी में चयनित होकर प्रदेश की सेवा करने का अपना सपना साकार करें, देर न करें, आज ही आवेदन करें और अपने भविष्य को एक नई दिशा दें।

## एकलव्य आवासीय विद्यालयों में कक्षा 11वी लेटरल एंट्री में प्रवेश मैरिट सूची से किया जायेगा

**कोरबा ।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 11वी में रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए 07 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय के अनुसार 07 जुलाई 2025 तक प्राप्त आवेदनों का कक्षा 10 वीं में प्राप्तांक के आधार पर मैरिट सूची से चयन किया जाएगा। मैरिट सूची के प्रकाशन की घोषणा अलग से की जायेगी। कक्षा 11वी में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा नहीं होगी।


## भारत विकास परिषद द्वारा किये जा रहे नेक कार्य नेत्रदान, देहदान का पोस्टर विमोचित

**कोरबा ।** भारत विकास परिषद कोरबा द्वारा नेत्रदान और देहदान के प्रति जन जागरण का कार्य किया जा रहा है। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत बसंत ने भारत विकास परिषद के प्रयास की सराहना करते हुए नेत्रदान, देहदान को समर्पित पोस्टर का विमोचन किया। नेत्रदान, देहदान प्रकल्प के प्रभारी महेश गुप्ता, अध्यक्ष कमलेश यादव, धर्मेंद्र कुदेशिया, मोहन अग्रवाल और प्रमोद पांडेय की उपस्थिति में कलेक्टर ने पोस्टर का विमोचन करते हुए नेत्रदान को लेकर की गई तैयारी की जानकारी हासिल की।

## रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना

**कोरबा ।** नीति आयोग भारत सरकार के पत्र क्रमांक ए-8-2023-एडमिनिस्ट्रेशन (पार्ट 1) दिनांक 06.02.2025 के आलोक में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अन्तर्गत कोरबा जिले के आकांक्षी ब्लॉक कोरबा एवं पोंड़ी उपरोड़ा के लिए कुल 02 आकांक्षात्मक ब्लाक साथी का पत्र मौजूरा संविदा से आउटसोर्सिंग प्रक्रिया में परिवर्तित करने के प्राप्त निर्देश के आलोक में आउटसोर्सिंग एजेंसी/एन.जी.ओ. के चयन के लिए नियमानुसार निर्धारित प्रारूप में रूचि कि अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक आवेदक द्वारा अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में 18 जुलाई 2025 के शाम 5.30 बजे तक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, कलेक्टोरेट कोरबा में जमा किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों को सायं 6 बजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह अध्यक्ष आकांक्षी ब्लॉक फेलो, आउटसोर्सिंग समिति कोरबा के कार्यालय कक्ष में निर्णय हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा। रूचि की अभिव्यक्ति की विस्तृत विवरणी, शर्तें व आवेदन का प्रारूप कोरबा जिले के वेबसाईट पर देखी जा सकती है। किसी भी शंका का समाधान हेतु कार्यालय अवधि के दौरान जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय कलेक्टोरेट कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

# कंपनी का आकार दोगुना बढ़ाने वेदांता ने बनाई खास रणनीति



**कोरबा।** देश की सबसे बड़ी एल्युमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता ने अपनी कंपनी का आकार दोगुना करने के लिए खास 3 डी रणनीति बनाई है। जिसमें डीमर्जर ,डायवर्सिफिकेशन और डीलीवरेजिंग शामिल है।

वेदांता लिमिटेड की 60वीं वार्षिक आमसभा में कंपनी के विकास के अगले चरण के बारे में बताते हुए वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कंपनी का आकार दोगुना करने के लिए खास 3डी रणनीति, डीमर्जर, डायवर्सिफिकेशन और डीलीवरेजिंग की जानकारी दी। डी-मर्जर वेदांता अपनी कुछ इकाइयों को अलग-अलग कंपनियों में बांटेगी. अनिल अग्रवाल का कहना है कि डी-मर्जर के बाद इनमें से हर एक बिजनेस में 100 बिलियन डॉलर यासिन लगभग ?8,35,000 करोड की कंपनी बनने की क्षमता है., इससे इन बिजनेस पर बेहतर ध्यान दिया जा सकेगा और वे तेजी से बढ़ पाएंगे। इस बदलाव की योजना पर विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वेदांता की मजबूत आर्थिक स्थिति, शेयरधारकों को मिला रिकॉर्ड रिटर्न और महत्वपूर्ण खनिजों व ऊर्जा बदलाव में काम आने वाली धातुओं का बढ़ता पोर्टफोलियो, ये सभी भारत के आर्थिक और ऊर्जा से जुड़े लक्ष्यों के साथ जुड़े हुए हैं।डाइवर्सिफिकेशन वेदांता अब सिर्फ अपने मौजूदा कारोबार पर ही ध्यान नहीं देगी, बल्कि नए क्षेत्रों में भी कदम रखेगी. कंपनी की योजना महत्वपूर्ण खनिजों, दुर्लभ धातुओं (रेअर अर्थ), ऊर्जा बदलाव में काम आने वाली धातुओं, बिजली, ऊर्जा और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में नए निवेश करके अपना कारोबार बढ़ाने की है इससे कंपनी की आय के स्त्रोत बढ़ेंगे और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। डी-लीवरेजिंग से कंपनी अपनी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करने के लिए कर्ज कम करने पर ध्यान देगी,इससे कंपनी को भविष्य के निवेश और विकास के लिए अधिक मजबूती मिलेगी।वेदांता का यह विकास प्लान भारत की आर्थिक और ऊर्जा जरूरतों के साथ जुड़ा हुआ है. कंपनी भारत की पहली औद्योगिक जिंक और एल्यूमीनियम पार्क स्थापित करने की भी योजना बना रही है. इसके साथ ही, वेदांता ने 1000 डीप-टेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने की घोषणा की है, जिससे भारत के टेक्नोलॉजी सेक्टर को भी गति मिलेगी। कंपनी ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों को रिकॉर्ड रिटर्न और महत्वपूर्ण खनिजों के बढ़ते पोर्टफोलियो के साथ यह नई रणनीति बनाई है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दुनिया रिसोर्स नेशनलिज्म देख रही है, अनिल अग्रवाल ने भारत के आर्थिक भविष्य के लिए प्राकृतिक संसाधनों की केंद्रीय भूमिका और उनके महत्व पर खास ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि ये संसाधन खासकर इलेक्ट्रिक वाहन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसी ऊर्जा परिवर्तन तकनीकों के साथ-साथ डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी कितने जरूरी हैं। अग्रवाल ने कहा कि भारत की भूवैज्ञानिक बनावट कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे संसाधन-समृद्ध देशों के समान है, लेकिन भारत में केवल 25 प्रतिशत ही खोजबीन हुई है. उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में तेजी से विकास का यह सही समय है।उन्होंने कहा कि, यह सिर्फ विकास की नहीं, भारत की आकांक्षाओं को साकार करने की योजना है, हम एक विकसित भारत की जरूरतों के साथ पूरी तरह से जुड़े हुए हैं। वेदांता इस बड़े बदलाव का नेतृत्व करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार है। कंपनी ने भारत में 10 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक हासिल किए हैं, जो किसी भी निजी क्षेत्र की कंपनी द्वारा सबसे अधिक हैं। यह वेदांता को महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा परिवर्तन धातुओं, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी से जुड़ी एक बड़ी कंपनी में बदलने की उसकी कोशिशों को और मजबूत करता है।यह भी पढ़ें = भरे बाज़ार में पत्रकार पर हमला, बदमाशों ने किया गर्दन पर वार ! बाल बाल बचा युवा कलमकार....अपराधी पुलिस की पहुंच से बाहरवेदांता दुनिया का पहला औद्योगिक जिंक पार्क और भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम पार्क भी स्थापित कर रही है. इनका उद्देश्य हजारों एमएसएमई को बढ़ावा देना और लाखों रोजगार के अवसर पैदा करना है, जो भारत में एक धातु क्रांति की शुरुआत का प्रतीक होगा।वार्षिक आम सभा की एक अहम बात कंपनी की डीमर्जर योजना रही। 99.5 प्रतिशत से अधिक शेयरधारकों और लेनदारों की मंजूरी के साथ, वेदांता अपने वैल्यू-अनलॉक प्रस्ताव को लागू करने के उन्नत चरणों में है। इसके एक बार पूरा होने पर, शेयरधारकों को चार नई विभाजित संस्थाओं में से प्रत्येक में शेयर मिलेंगे।चेयरमैन अग्रवाल ने कहा कि, हर व्यवसाय को एक नया फोकस, नए निवेशक, और अपनी पूरी क्षमता हासिल करने का एक अनूठा अवसर मिलेगा. अपनी लंबी अवधि की रणनीति के तहत, वेदांता भविष्य के औद्योगिक दिग्गजों को भी तैयार कर रही है. कंपनी ने डीप टेक क्षेत्र में 1000 स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी करने की योजनाओं की घोषणा की है। यह मेन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में भारत के सबसे बड़े औद्योगिक इनक्यूबेटर प्लेटफॉर्म में से एक बनने वाला है। इन पहलों का लक्ष्य कंपनी के संचालन को भविष्य के लिए तैयार करना और भारत के आत्मनिर्भरता व आर्थिक नेतृत्व के व्यापक लक्ष्यों का समर्थन करना है।श्री अग्रवाल ने स्थिरता, प्रौद्योगिकी और सामाजिक विकास के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। हिन्दुस्तान ज़िंक को वैश्विक धातु और खनन क्षेत्र में पहला स्थान मिला है, जबकि वेदांता एल्युमीनियम एसएंडपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024 में एल्युमीनियम श्रेणी में दूसरे स्थान पर है। कंपनी 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है. इसकी प्रमुख सामाजिक प्रभाव पहल, नंद घर, 15 राज्यों में 8,500 केंद्रों को पार कर चुकी है, जो बाल विका और महिला सशक्तिकरण में सहयोग कर रही है।दो साल बाद हरीश राव हत्याकांड मामले में कोर्ट का आया फैसला, दोषी सुदीप को मिली उम्रकैद की सा, लोक अभियोजक राजेन्द्र साहू ने की थी पैरवीअनिल अग्रवाल ने भारत में एक विश्वस्तरीय शिक्षा संस्थान स्थापित करने के अपने जीवन भर के सपने के बारे में बताते हुए कहा कि यह, यह हमारी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहलों का एक और स्तंभ होगा। वेदांता यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड जैसे संस्थानों से प्रेरित एक विश्वस्तरीय संस्थान होगी।

यह न केवल भारत में वैश्विक स्तर के अनुसंधान और शिक्षा लाएगी, बल्कि वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नेताओं की अगली पीढ़ी को घर पर ही तैयार करने में भी मदद करेगी।वेदांता का वित्त वर्ष 2024-25 में प्रदर्शन काफी मजबूत रहा है, कंपनी का राजस्व ?1,50,725 करोड़ और एबिटा ?43,541 करोड़ रहा। यह निफ्टी 100 में शीर्ष धन-निर्माताओं में से एक बनकर उभरी, जिसने शेयरधारकों को कुल 87 प्रतिशत का रिटर्न दिया।हिन्दुस्तान ज़िंक ?12,000 करोड़ के निवेश से 2.5 लाख टन का एकीकृत स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स स्थापित कर रहा है. ऑयल एंड गैस क्षेत्र में, केयर्न ने सात नए ओएएलपी ब्लॉक प्राप्त किए हैं और इसका लक्ष्य उत्पादन को दोगुना कर प्रति दिन 3 लाख बैरल तक करना है। एल्युमीनियम की क्षमता को 31 लाख टन तक बढ़ाया जा रहा है, साथ ही 30 लाख टन के एक नए ग्रीनफील्ड स्मेल्टर की भी योजना है।श्री अग्रवाल ने अंत में वेदांता के 1 लाख कर्मचारियों के मजबूत योगदान की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि कंपनी के 22 प्रतिशत कर्मचारी और 28 प्रतिशत नेतृत्व पदों पर महिलाएं हैं, और कंपनी का लक्ष्य 2030 तक 30 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व प्राप्त करना है।

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**कोरबा ।** आम आदमी पार्टी कोरबा के तत्वाधान में युक्तियुक्तकरण के विरोध में आज ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार शिक्षा नीति के मोर्चे पर विफल रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर हज़ारों स्कूलों को बंद कर देने के बाद कई स्कूल शिक्षक विहीन हो गए हैं। 63 हजार शिक्षकों के पदों को भरने में नाकाम रही है सरकार,नाकामी छुपाने 10 हजार स्कूल बंद कर दिया गया ताकि छत्तीसगढ़ के युवाओं को नौकरी नहीं देना पड़े इसलिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। युवाओं और छात्रों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आम आदमी पार्टी विरोध जताती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों को आपस में मिलाया गया, शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया और कई छोटे स्कूलों को बंद किया गया। लेकिन वास्तविकता में इसके नतीजे कई जगहों पर नकारात्मक साबित हुए। युक्तियुक्तकरण के तहत जब दो स्कूलों को मिलाया गया, तो कई छात्रों को अब 3-5 किमी दूर स्कूल जाना पड़ रहा है। इससे खासकर बालिकाओं की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ा है। जहाँ एक ओर शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया, वहीं कई स्कूल ऐसे रह गए जहाँ विषय विशेषज्ञ शिक्षक ही नहीं हैं। बच्चों को बिना गणित या विज्ञान शिक्षक के पढ़ाई करनी पड़ रही है। कई स्थानों पर बिना स्थानीय स्थिति को समझे स्कूलों का विलय किया गया। इससे सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक बाधाएँ सामने आईं। जो स्कूल बंद कर दिए गए, उनके भवन जर्जर हो रहे हैं, और कई जगहों पर सरकारी संसाधन व्यर्थ जा रहे हैं।

आप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा की बदहाल व्यवस्था देख लीजिये की बच्चों को पढ़ाई लिखाई छोड़कर प्रदर्शन करना पड़ रहा है? बस्तर, सरगुजा, कांकेर जैसे आदिवासी बहुल इलाकों में छात्र संख्या में गिरावट और स्कूल से ड्रॉपआउट दर में इज़ाफ़ा देखा गया है।दंतेवाड़ा में एक स्कूल को 7 किमी दूर स्थानांतरित किया गया, जिससे बच्चे आना बंद कर दिए हैं! गांव के एक स्कूल में तो शिक्षक ना होने के कारण बच्चों ने खुद स्कूल में ताला लगा दिया।आम आदमी पार्टी ने बताया कि सरकार के इस फैसले से अभिभावक और पंचायतें इस नीति का विरोध कर रहीं हैं। 1 जुलाई 2025 को साझा शिक्षक संघ ने राज्यव्यापी हड़ताल की जिसमें राज्य के लगभग 2 लाख शिक्षक विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और संघ मानता है कि सरकार ने केवल कागज़ों में सुधार किया है, ज़मीनी हकीकत अनदेखी रह गई। संघ ने मांग की कि शिक्षा व्यवस्था यदि सरकार नहीं सुधारती है तो वे आगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेंगे। वर्तमान में छत्तीसगढ़ की शिक्षा प्रणाली इस नीति से प्रभावित होकर बदहाल हो गयी है।

आम आदमी पार्टी कोरबा राज्य सरकार से मांग करती है कि इस युक्तियुक्तकरण को सरकार तुरंत रद्द करे और यदि निर्धारित समय सीमा में शिक्षा में सुधार नहीं होता है तो जिले में प्रभावित जनता के साथ मिलकर इससे भी बड़ा आंदोलन किया जायेगा।इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री आनंद सिंह, लोकसभा अध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा, सचिव शत्रुघन साहू ,लोकसभा कोषाध्यक्ष लहना सिंग,जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) जग़लाल राठिया जिला सचिव रिचर्ड लोगन,(ग्रामीण )संतोष कुमार ग़बेल, कोषाध्यक्ष सोमराज, यूथ विंग जिला अध्यक्ष आजाद बॉक्स,करतला तहसील अध्यक्ष गुरुवार सिंह बघेल , तहसील सचिव हरदेव सिंह , धर्मदास गांधी, सत्येंद्र यादव , लम्बोदर भट्ट,प्यारेलाल राठिया ,भरोसा राठिया ,सुंदरलाल राठिया ,योगेश राठिया ,वामन वाकोडकर महिला विंग जिला उपाध्यक्ष कौशल्या नगे ,नवधा बाई कंवर, गंगोत्री केवट, फिरतीन बाई कवर ,रामबाई कंवर ,आशाबाई कंवर, राम कुवर कंवर, रामेश्वरी बाई केवट, ममता चौहान, हेमबाई कंवर , कालिंद्री बाई कंवर, सायरा यादव एवं अन्य की उपस्थिति रही।

## गुरूपूर्णिमा के अवसर पर माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर की गयी हसदेव आरती

**कोरबा ।** आषाढ़ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती का आयोजन 10 जुलाई को सायं 5 बजे से किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों के लिये यथोचित व्यवस्था की गयी थी।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा बताया गया कि समिति द्वारा हसदेव नदी, हसदेव की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है।

# जिला पंचायत का कैसे होगा विकास, सामान्य सभा की मीटिंग में नहीं पहुंचे जिम्मेदार

## जांजगीर चांपा के विकास का सपना क्या अधूरा रह जाएगा. इसके लिए आखिर कौन जिम्मेदार है ?

**जांजगीर चांपा।** शुक्रवार को जांजगीर चांपा जिला पंचायत के सामान्य सभा की मीटिंग हुई. इस मीटिंग में कई विभागों के अधिकारी नदारद रहे। जिसकी वजह से कई अहम फैसलों पर चर्चा नहीं हो सकी। अधिकांश विभाग प्रमुखों की गैर मौजूदगी और जिला पंचायत सीईओ द्वारा अध्यक्ष के साथ सदस्यों की प्रस्ताव को एजेंडा मे शामिल नहीं किया था। जिसकी वजह से सदस्यों ने बैठक को स्थगित कर दिया. सभी सदस्यों ने एक स्वर मे अधिकारियों की बैठक मे उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए आगामी बैठक मे कड़ा कदम उठाने की मांग की है और चेतावनी भी दी है।सदस्य आए लेकिन अधिकारी नहीं आए- सामान्य सभा की मीटिंग में कुल 17 सदस्य उपस्थित हुए थे। इस मीटिंग में कई विभागों के अधिकारी मौजूद नहीं हो पाए। जिसको लेकर जिला पंचायत सदस्यों ने अपना विरोध दर्ज कराया. जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला पंचायत सीईओ पर सीएसआर और डीएमएफ की जानकारी का प्रस्ताव विलोपित करने का आरोप लगाया और उसके बाद मीटिंग को स्थगित कर दिया।

जिला पंचायत सीईओ ने अपना सख्त रुख- जिला पंचायत सीईओ ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया. उन्होंने कहा कि सभी विभागों के प्रमुखों को अगली बैठक में उपस्थित होने के लिए पत्राचार किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां तक सामान्य सभा की मीटिंग में सीएसआर और डीएमएफ की जानकारी मांगे जाने की बात है।

उच्च अधिकारियों से इस विषय में मार्गदर्शन मांगा जाएगा.जांजगीर चांपा जिला पंचायत का सियासी गणित समझिए- जांजगीर चांपा जिला पंचायत के सियासी गुणा गणित की बात करें तो यहां अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ 17 सदस्य है, जिसमे महिला अध्यक्ष के साथ 13 महिला सदस्य और 4 पुरुष सदस्य हैं। जिन्होंने अधिकारियों पर जिला पंचायत सदस्यों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में अगर अधिकारी उपस्थित नहीं होते हैं तो हम इस संदर्भ में मोर्चा खोलेंगे.

# जांजगीर नैला शहर के 5 व्यक्तियों को रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए

**जांजगीर-चांपा ।** जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन की सुविधाओं और सेवाओं में करने के लिए रेल्वे स्टेशन सलाहकार समिति का गठन किया गया हैं । इस समिति में नैला और जांजगीर से पांच गणमान्य लोगों को शामिल किया गया हैं । सदस्यों में मनोज अग्रवाल चैंबर्स अध्यक्ष ,सुधीर झाझडिया ,विकास अग्रवाल अधिवक्ता.अनिल तिवारी , श्रीमती ज्योति तिवारी बनाएं गए हैं । इस समिति का मुख्य उद्देश्य नैला-जांजगीर रेलवे स्टेशन की सुविधाओं को तत्काल सुधारने की दिशा में रेल्वे को ध्यानाकर्षित कराना हैं साथ ही कमियों के बारे में बात करना भी हैं । जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन जिला मुख्यालय का मुख्य स्टेशन है । प्रतिदिन यहां से दर्जनों ट्रेनों का आवागमन होता हैं, फिर यात्री सुविधाओं के नाम पर रेल्वे द्वारा विशेष वरियता नहीं दी जाती हैं। साउथ बिहार, गोंडवाना, मेल,सुपरफास्ट और सासाहिक गाड़ियों का यहां स्टापेज नही हैं ,यात्रियों को समीप स्टेशनों पर जाकर अपनी यात्रा पूरी करनी पड़ती हैं । यात्रियों को बेहतर तरीके से सुविधा मिले इसी उद्देश्य को लेकर रेल्वे सलाहकार समिति जांजगीर-नैला का गठन किया गया हैं ।

**सामूहिक प्रयास से हर कार्य संभव....**

समिति का मूल उद्देश्य हैं रेल्वे स्टेशन की कमियों को पहचानना और उनके समाधान के लिए मिलजुलकर काम करना हैं । यह समिति यात्री ट्रेनों के ठहराव को बढ़ाने और सुधारने के लिए काम करने हेतु कटिबद्ध हैं । रेल्वे स्टेशन में बैठक व्यवस्था को सुधारने और विकसित करने में योगदान देना हैं ।शहर के प्रमुख 5 लोगों को रेल्वे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया हैं इसके लिए सभी के सहयोग और सलाह का स्वागत हैं, यह सभी लोग रेल्वे स्टेशन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंग

## रिपेयरिंग का बहाना बनाकर रायगढ़ से आना-जाना कर रहे डीडीए, किसान परेशान

**जांजगीर।** तस्वीर कृषि विभाग के डीडीए आवास की है। यह आवास कार्यालय के पीछे ही स्थित है। भवन में यह पोस्टर पिछले छह माह से लगा है। कारण डीडीए ललित मोहन भगत यहां रहने के बजाय रोजाना रायगढ़ से आना-जाना कर रहे हैं। यह स्थिति तब है जब कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सभी विभाग प्रमुखों को मुख्यालय में रहने का आदेश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार विभाग की जीप रोजाना उन्हें कभी चांपा तो कभी जांजगीर रेलवे स्टेशन जाती है और शाम होते ही उन्हें स्टेशन में छोड़कर चली जाती है। वर्तमान समय में खेती के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में उनका यहां न रहना किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।



# खेल एवं युवा कल्याण विभाग देगा युवा रत्न सम्मान

**जांजगीर-चांपा।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू की गई है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। इस कार्य में व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठ मंडित करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों एवं संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। युवा रत्न सम्मान योजना का उद्देश्य राज्य में सामाजिक, संस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में 15-29 आयु वर्ग के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को प्रेरित करना तथा युवाओं में अपने समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना। इस प्रकार अच्छे नागरिक के रूप में उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार हो, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना है।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान असाधारण एवं विशिष्ट सेवा कार्य के क्षेत्र में दिया जाएगा। जिसके अंतर्गत चयनित युवा को 2 लाख 50 हजार रूपए एवं चयनित संगठन को 5 लाख रूपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इसी तरह युवा रत्न सम्मान अंतर्गत सामाजिक, साहित्य, नवाचार उद्योग, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कला एवं संगीत सांस्कृतिक, लोक

## खटखटाने पर युवक ने दरवाजा खोला तो आरोपी ने डंडे से पीटा

**जांजगीर।** नगपुरा में 25 जून की रात 10.30 बजे एक युवक ने घर का दरवाजा खटखटाकर डंडे से हमला कर दिया। आरोपी योगेश बिंद, उम्र 20 साल, निवासी नगपुरा ने तेरस राम बिंद के घर पहुंचकर दरवाजा जोर-जोर से पीटा। आवाज सुनकर तेरस राम ने दरवाजा खोला तो योगेश हाथ में डंडा लिए खड़ा था। पूछने पर कि दरवाजा क्यों खटखटा रहे हो, योगेश ने गाली-गलौच की। जान से मारने की धमकी दी। डंडे से हमला कर मारपीट की। घटना की रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अपराध क्रमांक 255/25 दर्ज किया गया। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी।

# नाबालिक बालक से अनाचार फ्री फायर गेम से बढ़ी दोस्ती, फिर जगदलपुर तक पहुंचा मामला

### आरोपी युवती गिरफ्तार पहली बार नाबालिक बालक से शादी का झांसा देकर युवती ने किया लगातार अनाचार

**जांजगीर-चांपा।** 11 जुलाई जिले में पहली बार नाबालिग बालक से अनाचार का मामला सामने आया है। इस सनसनीखेज प्रकरण में जांजगीर पुलिस ने 25 वर्षीय युवती को जगदलपुर से गिरफ्तार किया है। युवती पर नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसके साथ अनाचार करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।थाना जांजगीर ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 जुलाई को एक नाबालिग के परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया कि उनका बेटा 28 जून से लापता है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाए जाने की आशंका पर गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।तकनीकी साक्ष्य से मिला सुराग जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण में पता चला कि नाबालिग बालक जगदलपुर में है। इसके बाद पुलिस टीम जगदलपुर पहुंची, जहां से उसे एक युवती के कब्जे से बरामद किया गया।

फ्री फायर गेम से शुरू हुई बातचीत नाबालिग से पूछताछ में सामने आया कि उसकी आरोपी युवती से पहचान फ्री फायर गेम के जरिए हुई थी। दोनों के बीच इंस्टाग्राम और फोन पर बातचीत होने लगी। जून में युवती जांजगीर पहुंची और परिजनों के सामने नाबालिग से शादी की इच्छा जताई, जिसे परिजनों ने खारिज कर दिया। इसके कुछ दिनों बाद नाबालिग बालक 50 हजार रुपये लेकर बिना बताए घर से निकल गया।

शादी का प्रलोभन देकर अनाचार पूछताछ में युवती ने स्वीकार किया कि उसने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जांजगीर लाया गया और न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया।जांजगीर-चांपा जिले में यह पहला मामला है, जहां नाबालिग लड़का किसी युवती के यौन शोषण का शिकार हुआ है, जिसे पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है।

## बाढ़ की स्थिति में लोग बरतें सावधानी

**जांजगीर-चांपा।** लगातार हो रही बारिश एवं नदी-नालों में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने जिलेवासियों, पर्यटकों से आपदा की स्थिति में सतर्क रहने और प्रशासन को सहयोग देने की अपील की है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 24म7 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। आपदा की किसी भी सूचना के लिए लोग तुरंत कंट्रोल रूम के नंबर 07817222032 पर संपर्क कर सकते हैं।कलेक्टर नागरिकों से अपील करते हुए कहा नदियों और नालों के पुल के ऊपर पानी होने पर पार न करें, दूसरे सुरक्षित मार्ग का प्रयोग करें। जलस्तर उफान पर होने पर नदियों में नहाना और तैरना पूरी तरह से टालें। जलभराव से बीमारियां फैल सकती हैं, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। बंधों, जलाशयों और पिकनिक स्थलों पर जहां पानी का स्तर ज्यादा हो, वहां न जाएं। झरने या ऊंचे फिसलन वाले स्थानों पर सेल्फी लेने से बचे। तेज बारिश के दौरान कच्चे मकानों और स्मारकों के नीचे शरण लेने से बचें। आकाशीय बिजली के समय खुले में और पेड़ों के नीचे खड़े न रहें। स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखें और ग्राम में कुशल लोग प्रशासन के साथ राहत कार्यों में सहयोग करें।

# ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम

**जांजगीर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी जांजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी के निर्देशन में दिनांक-10/07/2025 गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा स्कूल प्रांगण में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकां एवं विद्यार्थियों द्वारा गुरु के महत्व के विषय में विविध गतिविधियों के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत संस्था संचालक आलोक अग्रवाल एवं उप प्राचार्या श्रीमती भिष्मिता साहू द्वारा माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं फूल अर्पण कर शुभांरभ किया गया। तत्पश्चात् कक्षा-12वीं की छात्रा सौम्या तिवारी द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत किया गया। इसी श्रेणी में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कक्षा-चौथीं 'ब' के विद्यार्थी अनुराग टण्डन द्वारा ''गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु'' गीत पर शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा-बारहवीं की छात्रा त्रिशिका बजाज द्वारा गुरु पूर्णिमा के महत्व के विषय में भाषण प्रस्तुत किया गया। संस्था के संगीत कोरस ग्रुप द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही कक्षा-पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। संस्था के शिक्षक श्री चंदन दास द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु एवं पूर्णिमा के अर्थ को अलग-अलग उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। साथ ही शिक्षक निषेध तिवारी द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था की संगीत शिक्षिका सुश्री महेश्वरी द्वारा गुरु भजन प्रस्तुत किया गया।



संपूर्ण कार्यक्रम का समादेश एवं धन्यवाद ज्ञापन कक्षा-बारहवीं के छात्र मीर बरेठ तथा मंच संचालन रूद्र साहू एवं छात्रा रिद्धि माखिजा द्वारा किया गया। तत्पश्चात् संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा कक्षावार प्राचीन गुरुओं के महत्व एवं गुरु शिष्य परम्परा के विषय में बताया गया। जिसमें प्रमुख रूप से गुरु वशिष्ठ एवं राम, गुरु द्रोणाचार्य एवं अर्जुन, गुरु चाणक्य एवं चंद्रगुप्त मौर्य, गुरु सांदीपनि एवं कृष्ण, गुरु रामदास एवं छत्रपति शिवाजी, गुरुनानक देव एवं सिख गुरु इत्यादि गुरु शिष्य परम्परा के विषय में उजागर किया गया। जिसमें मुख्य रूप बताया गया की भारतीय संस्कृति में गुरु एवं शिष्य का संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्राचीन काल से ही गुरुओं ने अपने शिष्यों को ज्ञान नैतिकता और आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। गुरु का महत्व विभिन्न पौराणिक कथाओं, जातक कथाओं, पंचतंत्र कथाओं इत्यादि में भी परिलक्षित होता है। उपरोक्त बातों के माध्यम से शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को गुरु शिष्य परम्परा की महत्ता को समझाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शाला त्यागी बालिकाओं का पुन: शाला प्रवेश कार्यक्रम एवं कार्यशाला आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विकासखण्ड बम्हनीडीह के ग्राम चोरिया के शा0 उच्च0 मा0 विद्यालय में शाला त्यागी बालिकाओं का पुन: शाला प्रवेश एवं कार्यशाला आयोजित किया गया। इसके साथ ही स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में सखी केंद्र प्रशासक सुश्री एच. निशा खान के द्वारा हरियाली और शिक्षा पर चर्चा करते हुए बताया कि हरित परिवर्तन पर्यावरण संवर्धन के लिए आवश्यक है वैसे शिक्षा प्रत्येक बालक-बालिकाओं को हर स्तर पर प्राप्त करना आवश्यक है। साथ ही छात्र-छात्राओं को सखी वन स्टॉप सेंटर क्या है? हिंसा की प्रकृति एवं प्रकार, सखी द्वारा हिंसा से पीड़ित, प्रताड़ित एवं संकटग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली सुविधा व सहायता की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा नवा बिहान संरक्षण अधिकारी श्रीमती अनुपमा सिंह कंवर द्वारा घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 एवं महिलाओं के साथ होने वाली लैंगिक प्रकृति की हिंसा होने पर कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 एवं कानूनी कार्यवाहियों के संबंध में बताया गया कि पीड़ित महिला किस प्रकार सहायता ले सकती है की जानकारी दी गई। समाज में महिलाओं टोनही के रूप में चिन्हित कर उन्हें प्रताड़ित करने के विरूद्ध कानूनी अधिकारों दहेज प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति जेंडर विशेषज्ञ द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्य, आवश्यकता एवं इसके अंतर्गत बालिकाओं के सर्वाधिक हितों के लिए किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में 03 बालिकाएं जिन्होंने शिक्षा के महत्व को जाना एवं अपने व्यक्तिगत अनुभव व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने बीच में स्कूल पढ़ाई से 1 वर्ष पूर्व पृथक हो गई थी।

# क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर ने मलखंभ व हॉकी खिलाड़ियों को दिए सफलता के टिप्स



**जांजगीर।** भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर का विगत दिनों जांजगीर चांपा जिले में प्रवास हुआ। क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय के मार्गदर्शन अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर ने कूटरा बोड में मलखंभ के खिलाड़ियों से खेल संवाद किया। कोच व क्रीड़ा भारती जांजगीर चांपा के उपाध्यक्ष पुष्कर दिनकर ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कराया व मलखंभ खेल व खिलाड़ियों की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी खिलाड़ियों ने मलखंभ का शानदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धैर्य अनुशासन संस्कार व सतत अभ्यास से खिलाड़ी महान बनता है। मलखंभ प्रदर्शन के पश्चात प्रसाद महानकर ने जिला जांजगीर चांपा के क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर मार्गदर्शन दिया।उन्होंने सभी सदस्यों से कहा कि जांजगीर चांपा में खेल व खिलाड़ियों का विकास ही हमारा लक्ष्य है। सभी खेलों को आगे बढ़ाते जाना हैं। कबड्डी खेल को लोकप्रिय बनाने के लिए कार्य कर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित करना है। सभी वर्ग के लोग इस खेल से जुड़े ऐसा प्रयास करना है। खिलाड़ियों को क्रीड़ा भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपेश्वर कहरा प्रांत सह मंत्री तारणिश गौतम प्रांत संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल ने भी इस अवसर पर मार्गदर्शन दिया। क्रीड़ा भारती के सदस्यों ने इस अवसर पर प्रसाद महानकर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बैठक के पश्चात ठाकुर छेदीलाल शासकीय महाविद्यालय जांजगीर में सद्भावना हॉकी मैच का आयोजन किया गया।उन्होंने हॉकी खिलाडियों से मुलाकात कर सभी से संवाद किया। सभी खिलाड़ियों को सफलता का टिप्स देकर देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया। । कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती जांजगीर चांपा के संरक्षक अरुण झाझडिया संतोष लहरें अजीत गढ़वाल मंत्री देवा गढ़वाल अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला राजेश राठौर सुशील सिंह उपाध्यक्ष राकेश गढ़वाल जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद गोपाल मोहनयादव उपाध्यक्ष नगर पालिका दीपक साहू सुशील साहू अमित यादव पार्षद प्रतिनिधि सतीश शर्मा अनिल शर्मा पंकज कहरा पार्षद योगेश चौरसिया प्रदीप राठौर वरुण पांडे अवधेश कहरा राजेश कटक वार पवन कहरा सोमदेव कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक योगेश चौरसिया व आभार प्रदर्शन राकेश गढ़वाल ने किया।

## लगातार बारिश से कुकदा-रिंगनी मार्ग पर संकट



**गोधना।** लगातार बारिश से कुकदा-रिंगनी मार्ग पर बना कंजी नाला फिर उफान पर है। पानी बढ़ने से रास्ता बंद होने की आशंका है। इससे कुकदा और रिंगनी के बीच संपर्क टूट सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि नाले पर ऊंचे पुल का निर्माण कई महीनों से चल रहा है। काम की रफ्तार बहुत धीमी है। समय पर पुल बन गया होता, तो आज यह परेशानी नहीं होती। सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों को हो रही है। वे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से काम में तेजी लाने की मांग की है।


**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम सरगबुंदिया प.ह.नं.-5
तहसील बरपाली जिला कोरबा छ.ग.

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उत्तरी कुमारी पिता अमृत सिंह जाति कंवर (आदिवासी) निवासी ग्राम बगबुड़ा तह. व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सरगबुंदिया प.ह.नं.5 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 1297/6 रकबा 0.069 हे.भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 22.07.2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील **सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम कुदुरमाल प.ह.नं.-26
तहसील बरपाली जिला कोरबा छ.ग.

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेन्द्र वैष्णव पिता स्व. ओम प्रकाश वैष्णव जाति बैरागी (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम कुदुरमाल तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कुदुरमाल प.ह.नं. 26 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 425/10 शा. 425/11, 426/4, 426/5 रकबा 0.036 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 22.07.2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील **सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/अ.वि.अ. (रा.) कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./अ-2/2024-2025
ग्राम जोगीपाली प.ह.नं.-3
तहसील बरपाली जिला कोरबा छ.ग.

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलहरण सिंह कंवर पिता रामलाल कंवर जाति कंवर (आदिवासी) निवासी ग्राम म.नं.60/11 कंवर भवन उरगा रोड भैंसमा तहसील भैंसमा जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम जोगीपाली प.ह.नं. 3 तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख.नं. 614/2 रकबा 0.192 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने नक्शा, खसरा, बी-1, ऋण पुस्तिका, बयनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि का जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 22.07.2025 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील **सक्षम प्राधिकारी /अ.वि.अ.(रा.) कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## अनमोल वचन......

**आपके संघर्ष की साथीसिर्फ प्रेमिका होती है, पत्नी तो आपके कामयाबी का प्रमाण है...**

# आतंकवाद के खिलाफ मुहिम जारी

*विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले को आर्थिक युद्ध का नया कृत्य बताया। अंतरराष्ट्रीय पत्रिका 'न्यूजवीक' के साथ मैनहट्टन में हुई बातचीत में उन्होंने परमाणु ब्लैकमेल की पाकिस्तान की नीति का जवाब देने की बात भी कही। जयशंकर ने पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम अब यह स्वीकार नहीं करेंगे कि आतंकवादी छद्म हैं। इस मामले में पाकिस्तान पूरी तरह दोषी है। पहलगाम में छब्बीस पर्यटकों की निर्मम हत्या के लगभग दो महीनों बाद उन्होंने विस्तार में यह बात की। भारत ने इस आतंकवादी घटना के बाद सीमापार स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला कर दिया था। विदेश मंत्री ने साफ कहा, हम सुरक्षा करेंगे। अपने लोगों की रक्षा करने के अधिकार का हम प्रयोग करेंगे। साथ ही कहा कि हम आतंकवाद पर बातचीत करने को इच्छुक हैं। लेकिन यदि वे आतंकवाद जारी रखते हैं तो मुझे लगता है यह यथार्थवादी नहीं है। यह भी कहा कि आप एक साथ अच्छे पड़ोसी और आतंकवादी नहीं हो सकते। हालांकि पाक सरकार विभाजित कश्मीर में हत्याओं या हमलों में किसी भी तरह का हाथ होने से इंकार करती रही है। उनकी तरफ से भारत पर जवाबी हमले भी किए गए थे और चेतावनी दी गई थी कि यदि पाकिस्तान को अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हुआ तो वह परमाणु हथियारों का सहारा भी ले सकता है।*

*यह शायद पहली मर्तबा था, जब भारत ने दुश्मन मुल्क के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों का जबरदस्त तौर पर सफाया किया जिसका समूची दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत अब आतंकवादियों के प्रति कोई मुर्वत नहीं करने वाला। पाक में जारी राजनीतिक अस्थिरता और उथल-पुथल के दौरान आतंकवादियों के हौंसले बुलंद होते जा रहे थे। हालांकि सीमापार आतंकवाद की यह मामला बेहद जटिल है, इसलिए इसका समाधान आसानी से नहीं किया जा सकता। परंतु भारत द्वारा अपने पड़ोसी मुल्कों से संबंध सुधारने के प्रयासों पर गंभीर बात करने के संकेत दिए जा रहे हैं। पहले भी पाकिस्तान सरकार द्वारा वांछित आतंकवादियों को प्रश्रय देने के कारण उनकी नीयत पर संदेह किया जाता रहा है। प्रशिक्षित आतंकवादियों के सीमापार से चोरी-छिपे घुसपैठ से देश की न सिर्फ शांति भंग होती है, बल्कि जान-माल का भी भारी नुकसान होता है। सरकार द्वारा उठाए गए सख्त कदमों से अब समूची दुनिया को सहमत होना ही होगा। मानना होगा कि यह किसी मुल्क विशेष की बजाय आतंकवाद के खिलाफ जारी मुहिम है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते है, आज का दिन आपके लिए शुभ है। दाम्पत्य रिश्तों में तालमेल बना रहेगा, जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आज आप ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट को लीड कर सकते है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज से आप अपनी हेल्थ को ठीक रखने के लिए रोज व्यायाम करने की आदत को सुधारेंगे। वैवाहिक जीवन में कुछ नई जिम्मेदारियों को निभाने का दायित्व प्राप्त होगा 7 व्यापारिक दृष्टि से आपके लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी, पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक बिजनेस में आज आपको बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। नौकरी का इंतजार कर रहे व्यक्तियों को आज किसी बड़ी कंपनी से ऑफर मिल सकता है। आज आप परिवार के साथ पिकनिक पर जाने का प्लान बना सकते है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आप अपने जीवन से जुड़े कुछ जरूरी निर्णय करेंगे, जो भविष्य में आपकी बड़ी मदद करेंगे। शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है, आप जीवनसाथी के साथ कुछ यादगार पल बिताएंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, अत्यधिक खर्च करने से बचें। परिवार में आपसी सहयोग बना रहेगा, सामाजिक तौर पर आपकी स्थिति ठीक रहेगी 7 आर्ट स्टूडेंट को आज कला प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर का प्राप्त होगा।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चों के साथ आज आप कही घूमने जा सकते है। जो लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे है, आज उनको बढ़िया डील मिलेगी। मीडिया जगत से जुड़े लोग, आज किसी बड़ी घटना पर चर्चा करेंगे। आज आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से करेंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको सगे सम्बन्धियों से शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, चहल-पहल बनी रहेगी। विदेश में रह कर काम कर रहे व्यक्तियों को घर जाने का अवसर मिलेगा। आज आपका मन अध्यात्म में ज्यादा लगेगा, जिससे आज आप पॉजिटिव एनर्जी का अहसास करेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज का दिन आप पढ़ने-लिखने में बिताएंगे और आपकी व्यापारिक दृष्टि से लाभ की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बच्चे आज घर के काम में हाथ बटाएंगे। छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे, जिससे वो विदेश जाने का मन बना सकते है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद लेंगे। रिश्तों में ताल मेल बना रहेगा, जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जायेंगे। रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आप मित्रों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकते है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपका सारा ध्यान आपके काम पर रहेगा , किसी जरूरी काम के सिलसिले में आपको बाहर जाना पड़ सकता है। ससुराल पक्ष से आज आपको विशेष सूचना प्राप्त होगी। आज आपको पैसों के मामलों में थोड़ा ध्यान रखने की आवश्यकता है,

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्तियों को आज पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, जिससे समाज में आपकी जवाबदेही बढ़ेगी। तकनीकी क्षेत्र में काम कर रहे व्यक्तियों की कार्यकुशलता आज अधिक अच्छी होगी। आज आपको विभिन्न स्रोतों से आय प्राप्त होने वाली है। बड़ों के आशीर्वाद से दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा लेकिन फिजूलखर्ची से बचकर रहें। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में तालमेल बना रहेगा। आज आप ऑफिस का माहौल अच्छा रखने की कोशिश करेंगे। छात्रों को आज शिक्षकों का सहयोग मिलेगा, जिससे वो अपनी पढाई और बेतहर ढंग से कर पाएंगे, जिस समस्या को लेकर आप बेहद परेशान थे, आज वो समस्या पूर्ण रूप से ख़त्म हो जाएगी।

# साइबर क्राइम के तौर-तरीकों में भी बदलाव

//कुमार समीर//

**समय के साथ साइबर क्राइम करने वालों ने अपने तौर-तरीकों में भी बदलाव किया है। कहा तो यहां तक जाने लगा है कि इससे कोई नहीं बच सकता। चाहे किसी ने चूक की हो या नहीं। इसकी पहुंच का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इन लोगों ने साइबर क्राइम पुलिस तक को नहीं छोड़ा है। इन लोगों का दुस्साहस देखें कि जूनागढ़ साइबर क्राइम पुलिस की ईमेल आईडी हैक कर बैंक में फ्रीज रकम को अनफ्रीज करने तक की कोशिश की गई। हालांकि इस धोखाधड़ी की योजना तब फेल हो गई जब ईमेल में विषय (सब्जेक्ट) वाला स्थान खाली मिला जिससे बैंक को शक हुआ और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया।**

गनीमत रही कि एक छोटी सी चूक के कारण अपराधी पकड़ में आ गया लेकिन ऐसे कई मामले हैं, जिनमें साइबर क्राइम करने वाले सफल रहे हैं। ताजा मामला देश की राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा का है। यहां फर्जी ईमेल आईडी के जरिए एक अस्पताल के कर्मचारी ने दिल्ली नगर निगम से कैशलेस इलाज के 74.90 लाख रु पये अस्पताल के अकाउंट में डलवाने की बजाय अपने अकाउंट में डलवा लिए। मामला साइबर क्राइम पुलिस के पास है, और वह इसकी जांच कर रही है।

ये दो मामले तो बानगी हैं, लेकिन अगर करोड़ों अकाउंट्स के पासवर्ड चोरी कर लिया जाए तो फिर क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाने भर से सिहरन पैदा होने लगेगी कि कहीं हमारे अकाउंट्स का पासवर्ड भी चोरी न हो गया हो। जी हां, इस तरह का एक बड़े डेटा लीक का नया मामला सामने आया है। इसमें लगभग 1600 करोड़ पासवर्ड के लीक होने की बात है, और इसने इसे इतिहास के सबसे बड़े डेटा लीक में से एक बना दिया है।

साइबर न्यूज और फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस लीक की वजह से लाखों यूजर्स का पर्सनल डेटा अब रिस्क पर है। इन पासवर्ड्स की मदद से साइबर अपराधी यूजर्स की निजी जानकारी, फोटो, वीडियो और दूसरी जानकारी चुरा सकते हैं यानी फिशिंग स्कैम, डेटा चोरी और अकाउंट्स हैकिंग का खतरा हो सकता है। इस डेटा की मदद से साइबर अपराध के जोखिम कई गुना बढ़ सकते हैं।

रिसर्चर्स ने इस डेटाबेस को खंगाला है, और इसके 30 डेटासेट की जांच की है। उन्हें करीब 350 करोड़ रिकार्ड मिले हैं, जिनमें कॉरपोरेट और डवलपर प्लेटफार्म, वीपीएन लॉगिंग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के यूजर्स के क्रेडेंशियल शामिल हैं। यह डेटा 2025 की शुरुआत से लेकर आज तक का है। रिसर्चर्स का दावा है कि ऑनलाइन लीक हुआ यह डेटा साधारण नहीं है। सिक्योरिटी रिसर्चर्स का भी कहना है कि यह इंटरनेट पर पड़ा पुराना डेटा नहीं है। ज्यादातर डेटा नया है जिन्हें..मैलवेयर के जरिए इकठ्ठा किया गया है। यह मैलवेयर प्रोग्राम लोगों का डेटा चुपके से चुराता है। चोरी के इस डेटा में यूजरनेम और पासवर्ड होते हैं, जिन्हें मैलवेयर यूजर्स के फोन से चुराकर हैकर को भेजता है। हैकर्स इस डेटा का सीधे इस्तेमाल कर सकते हैं, या फिर इन्हें डार्क वेब फोरम पर बेच सकते हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो लीक हुए डेटा में यूजर्स की डिटेल्स इनफार्मेशन हैं, जो अलग-अलग सर्विसेस के लिए हैं। इनमें यूजर्स के ईमेल से लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, गूगल और टेलीग्राम तक की डिटेल्स हैं। यहां तक कि इनमें..पर डवलपर्स की अकाउंट्स डिटेल्स और कुछ सरकारी पोर्टल्स की भी जानकारी है। ज्यादातर जानकारी को एक फॉर्मेट में आर्गेनाइज किया गया है, जिसमें वेबसाइट लिंक, इसके बाद यूजरनेम और पासवर्ड लिखा है। इसकी वजह से साइबर अटैकर्स के लिए इनका इस्तेमाल आसान हो जाता है। एक्सपर्ट्स इस लीक को ग्लोबल साइबर क्राइम का ब्ल्यूप्रिंट बता रहे हैं।

इसे देखते हुए ही गूगल ने अपने यूजर्स को सलाह तक दे डाली है। गूगल ने अपने यूजर्स को 2-फैक्टर आथेंटिकेशन..एक्टिव करने की सलाह दी है। साथ ही, उसने अपने यूजर्स को पासवर्ड्स अपडेट करने को भी कहा है। गूगल का यूजर्स को यह भी कहना है कि उन्हें अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स की बेहतर सुरक्षा के लिए ..फीचर का यूज करना चाहिए। पासकी से लॉगइन के लिए बायोमेट्रिक आथेंटिकेशन की जरूरत होती है, जिससे यह डबल सेफ्टी प्रदान करता है यानी आपको तुरंत ही अपना पासवर्ड बदल देना चाहिए। इसके अलावा अपने अकाउंट्स के लिए टू फेक्टर आथेंटिकेशन भी ऑन कर लें और पासवर्ड मैसेज का इस्तेमाल भी करें।

# चारधाम में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त बहुत चिंताजनक स्थिति

//सुरेश भाई//

**मनुष्य अपनी यात्रा को आरामदायक और जल्दी पूरा करने के लिए हेली सेवाओं का इस्तेमाल बड़ी तेजी से कर रहा है। आजकल मध्य हिमालय की देवभूमि उत्तराखंड स्थित चारधाम के दर्शन करने पहुंच रहे यात्री भी हेली सेवाओं के उपयोग करने में पीछे नहीं हैं। अनेक कंपनियों के हेलीकॉप्टर यहां बड़ी संख्या में उड़ान भर रहे हैं, जिनके लिए गाइडलाइंस बनाई गई हैं। बावजूद इसके यात्रा शुरू होने के पिछले 40 दिनों में पांच हेलीकॉप्टर क्रैश हो गए हैं, अनेक तीर्थ यात्रियों की जान गई है।**

इस उच्च हिमालयी क्षेत्र की संकरी घाटियों और ऊंचे-ऊंजे पर्वतों के बीच से गुजर रहे हेलीकॉप्टर्स पहले भी दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। अंधाधुंध उड़ानें और उनकी तेज आवाज हिमालय की पारिस्थितिकी पर विपरीत प्रभाव डाल रही हैं। हेलीकॉप्टरों की उड़ान के लिए मंदाकिनी नदी के तट से 600 मीटर की ऊंचाई तक का मानक है। यात्रियों की सुरक्षा के विषय पर भी विशेष सावधानी बरतने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं, लेकिन हेलीकॉप्टरों की गड़गड़ाहट से उच्च हिमालयी क्षेत्रों की जैव-विविधता को भारी नुकसान पहुंच रहा है।

भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा भी इस हिमालय क्षेत्र में उड़ानों के संबंध में सुझाव दिए गए हैं, जिन्हें केदारनाथ की हेली सेवाओं की गाइडलाइंस में शामिल किया गया है। यहां एक बार में दो हेलीकॉप्टर ही आना-जाना कर सकते हैं। सायं के समय की उड़ान पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद यहां पर स्थित दुर्लभ वन्य जीव हिम तेंदुए, कस्तूरी मृग, भरड़, भालू, मोनाल समेत अनेक वन्य जीवों व पक्षियों के झुंड के बीच नीची उड़ान के कारण भगदड़ मच जाती है, जिस कारण असुरक्षित दिशा में भागने से इन बेजुबान जानवरों की चट्टानों से गिर कर मौत हो जाती है। वन विभाग भी इस बाबत चेतावनी देता रहता है, लेकिन जीव-जंतुओं का जान गंवाना जारी है।

चिंताजनक है कि हजारों हैक्टेयर में फैले केदारनाथ अभयारण्य, गंगोत्री वन्य जीव पार्क के जीव-जंतु सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि हेलीकॉप्टरों की नीची उड़ान के कारण वन्यजीवों के सहवास पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस कारण उनकी संख्या भी घट सकती है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि नीची उड़ान के कारण ग्लेशियरों के पिघलने की दर भी बढ़ सकती है जबकि पर्यटकों और सैलानियों के सैर-सपाटे लिए ओम पर्वत जैसे ग्लेशियरों के ऊपर भी उड़ानें भरी जा रही हैं। अनियंत्रित पर्यटकों की आवाजाही इसका सबसे बड़ा कारण है क्योंकि बहुत समय से अनुभव किया जा रहा है कि चारधाम के यात्रियों को नियंत्रित करने के लिए जब-जब राज्य सरकार और पर्यावरणविद् पहल करते हैं, तो स्थानीय स्तर पर पर्यटन से आय प्राप्त करने वाले संस्थान विरोध पर उतारू हो जाते हैं।

मध्य हिमालय में पहुंच रहे पर्यटक कम पैसे, कम समय में आरामदायक दर्शन करने के लिए हेली सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं, ऐसे में में सावधानी के लिए बनाई गई गाइडलाइंस का इस्तेमाल नहीं होता है तो उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर की क्रैश होने की घटनाओं को रोका नहीं जा सकेगा। लापरवाही और मानकों की अनदेखी से दुर्घटनाएं हो रही हैं। अंधाधुंध हेली सेवाओं के ऊपर विशेष जांच और मॉनिटरिंग की आवश्यकता है जिसमें तकनीक आदि को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। मौसम विभाग की अधिकतर सूचनाएं सही साबित हो रही हैं। इसको भी ध्यान में रख कर उड़ानों पर नियंत्रण हो।

चारधाम में मई और जून के महीने में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं ने बहुत चिंताजनक स्थिति खड़ी की है जिसमें सबसे पहले 8 मई को उत्तरकाशी के गंगनानी में हेलीकॉप्टर क्रैश में 6 लोग मारे गए थे जिसके चार दिन बाद बद्रीनाथ से लौट रहा एक अन्य हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। 17 मई को एम्स की हेली एंबुलेंस किसी यात्री को लिफ्ट करने केदारनाथ जा रही थी, लेकिन क्रैश हो गई। 8 जून को केदारनाथ जाने वाला एक और हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। 15 जून को केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहा है एक हेलीकॉप्टर गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें सात लोगों की जान चली गई।दूसरी ओर देखा जाए तो केंद्र सरकार ने चारधाम के लिए चौड़ी सड़कों का निर्माण लगभग पूरा कर दिया है, और इसमें दो बड़ी गाड़ियों के लिए आने- जाने की सुविधा है। जितने अधिक से अधिक लोग बस, टैक्सी और जमीन पर चलने वाले वाहनों से यात्रा करेंगे उससे स्थानीय होटल और ढाबों को भी रोजगार मिलेगा। पर्यटकों, यात्रियों, सैलानियों को भी यहां की प्रकृति का नजारा देखने को मिलेगा। बाहर से आने वाले लोगों की मुलाकात स्थानीय लोगों से होगी, वे यहां की संस्कृति और प्रकृति के साथ अनुकूल व्यवहार भी करेंगे। उत्तराखंड हिमालय की संवेदनशील स्थिति और यहां के पर्यावरण से प्लास्टिक उन्मूलन को ध्यान में रखते हुए बाहर से आने वाले लोगों की जिंदगी को बचाने के साथ ही हिमालय के इकोसिस्टम को भी बचा कर रखना होगा।

# मराठी मानुष को लेकर फिर से मैदान सजाना चाहते हैं ठाकरे परिवार

//अजय दीक्षित//

अभी कुछ दिनों पहले ही खबर आई थी कि उद्धव और राज ठाकरे ने आपस में समझौता कर राजनीति की एक राह पकड़ली है। एक सप्ताह में ही राज ठाकरे की पार्टी ने वही बात आंदोलित कर दी कि मुंबई मराठी भाषा बोलने वालों की है और हम महाराष्ट्र में तीसरी या दूसरी भाषा हिंदी को नहीं चलने देंगे।यह कहना ही था कि भारतीय जनता पार्टी के मुखर सांसद निशिकांत दुबे ने कह दिया कि हम बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में मराठी भाषा बोलने वालों को पटक पटक कर मारेंगे।बस मुंबई में आज मीरा रोड पर एम एन एस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया बदले में मुंबई पुलिस ने लाठी चार्ज कर भीड़ को खदेड़ दिया। 1966 में तत्कालीन एक कार्टूनिस्ट बाल ठाकरे ने मुंबई में शिवसेना नामक एक राजनीतिक दल की स्थापना की थी और उनका उद्देश्य भी यही था कि भाषा के आधार पर मुंबई में राजनीत की जाय तब स्व बाल ठाकरे मुंबई महा पालिका में सक्रिय थे। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा में उसका कोई विशेष बर्चस्व नहीं था। महाराष्ट्र में कांग्रेस के सामने कुछ हलकों में पहले जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी का बजूद था।1989 में शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी का राजनीतिक गठबंधन बना और बीएमसी में एक साथ चुनाव लड़े । उसके बाद 1995 में यह गठबन्धन सत्ता में आया। शिव सेना बड़े भाई की भूमिका में थी क्योंकि उसके अधिक विधायक लड़े भी और जीत कर भी आए । मनोहर जोशी राजग के पहले मुख्यमंत्री बने। लेकिन 2014 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 121 सीट जीती और देवेंद्र फडणवीस भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री बने लेकिन 2019 के विधानसभा चुनावों में 107 भारतीय जनता पार्टी ने जीती और 63 पर शिवसेना। शिव सेना ने मुख्यमंत्री पद मांगा तो भारतीय जनता पार्टी ने इनकार कर दिया। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस, हृष्टक्क् से मिलकर सरकार बना ली।यही से भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना के रास्ते अलग हो गए।2022 में 10 अक्तूबर को शिव सेना में एक नाथ शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह हो गया और लगभग सभी विधायक शिंदे के साथ चले गए और शिंदे भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से मुख्यमंत्री बने। शिंदे ने अपनी अलग शिव सेना बनाली।2024 के चुनाव में अजीत पवार एनसीपी,शिंदे शिव सेना और भारतीय जनता पार्टी ने 288 में से दो तिहाई 238 जीत दर्ज कर सरकार बनाई और देवेंद्र फडणवीस पुनः मुख्यमंत्री बने।उद्धव ठाकरे को इन विधानसभा चुनावों में मात्र 23 सीट मिली ।इस प्रकार ठाकरे परिवार का मुंबई और महाराष्ट्र से बाजूद समाप्त हो गया।अब निकट भविष्य में 76000 करोड़ सलीना बजट बाली बीएमसी के चुनाव होने हैं और ठाकरे परिवार पुनः प्रति स्थापित होना चाहता है तो उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे को मनाया है और वहीं मुद्दा मराठी मानुष का बोलबाला उठाया है। केंदीय सरकार की शिक्षा नीति में हिंदी,एक स्थानीय भाषा और अंग्रेजी भाषा पढ़ाने की बात है उस नीति को भी निशाना बनाना था मगर मुख्यमंत्री श्री देवेंद फडणवीस ने उससे पहले ही हिंदी न पढ़ाने की घोषणा कर दी। ठाकरे परिवार अब पुनः मराठी मानुष के प्रमुख मुद्दे पर उतर कर पुनः राजनीतिक जमीन तलाश रहा है।

## भारत का आम नवाबी, जुनून का प्रतीक रहा है जो इसे खास बनाता है

सन 1811में पुर्तगाली कमांडर अल्फांसो ने आम की एक किस्म रत्नागिरी जिले के जंगलों देखी और उसने उस आम के किस्म क्राफ्टिंग की तो जो आम पेड़ पर लगा उसे अल्फांसो नाम दिया गया। अंतराष्ट्रीय मार्केट में इस आम की कीमत 3000रुपए प्रति किलो तक बिकती है। लेकिन भारत में आम की उपस्थिति 6000 साल से है क्योंकि महाभारत काल में इसका उल्लेख है। बताया जाता है कि ईसा से 600 वर्ष पहले भगवान बुद्ध को एक युवती ने आम का बगीचा भेंट किया था और बुद्ध ने उसे आम्रपाली नाम दिया । मुगल शासन में अबु फ़सल ने लिखा था कि सलीम लंगड़े पर मत रो वह भी खास होकर आम है। इस तरह लंगड़ा भी आम की एक किस्म है । इंस्टीट्यूट ऑफ पाइलियों बॉटनी लखनऊ के प्रोफेसर पंत कहते हैं कि भारत में आम की उत्पत्ति का इतिहास बहुत पुराना है लेकिन मुगल शासन में आम को खूब संरक्षण मिला । उत्तर प्रदेश का मलीहाबादी , लखनवी, बनारसी, आम सुप्रसिद्ध है। दशहरी गांव से चला आम आज पूरे भारत का सबसे अधिक उत्पादन वाली आम की किस्म है। भारत में टोटपरी, दशहरी,लंगड़ा, केसर,बादाम,फाजली और मुगल बादशाह हुमायूं का चौसा, सफेदा, अल्फांसो, हापुश,सहित किस्मों के आम पाए जाते हैं।आम से आमरस, आमचूर, मांगोसेक, आम पापड़ बनाए जाते हैं।आम का आचार इस पद्धति का उपयोग सारे भारत में किया जाता है।बताया जाता है कि ब्रिटिश ने भारत के आम को पहले इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, मिडिल ईस्ट में पहुंचा दिया था। भारत में लखनऊ और दक्षिण भारत विजय वाडा बहुत बड़े आम केंद्र हैं। असम, पश्चिमी बंगाल, कर्नाटक,भी आम की अनेक किस्में उत्पादन करते हैं। यहां पर पूरे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना,से आम आते है भारत संसार सबसे बड़ा आम उत्पादन 3 0 लाख मैट्रिक टन वाला देश है। इसके अलावा आम किस्म भारत के हर जिले में होती है। जो स्थानीय स्तर पर बिकती है, आचार डाला जाता है और तो और औषधि मेभी उपयोग किया जाता है। उत्तर प्रदेश में मेरठ, मजफ़फर नगर, हापुड़, सीतापुर, मलिहाबाद, लखनऊ, बाराबंकी,सहित कई जिले आम निर्यात भी करते हैं।एक बार शाहजहां ने दख्खन के नबाब औरंगजेब को इस लिए बंदी बनाया था कि उसने हैदराबादी, हापुस आम दिल्ली नहीं भेजे थे।

## तस्वीरों की दुनिया


केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नई दिल्ली में यमुना पुनरुद्धार पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।


लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ओडिशा के भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पहुंचे।


राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल चेन्नई में आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एक छात्र को डिग्री प्रदान करते हुए।


छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई।


शिमला के लालपानी बाईपास पर भारी बारिश के बाद पेड़ गिरने से यातायात बाधित।


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा पटना में संकल्प में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए।


केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# टेकऑफ के कुछ सेकंड में ही बंद हो गए थे दोनों इंजन
## अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे की जांच रिपोर्ट में खुलासा

**नई दिल्ली।** 12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया ड्रीमलाइनर हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट जारी कर दी गई है और इस रिपोर्ट के मुताबिक, उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद विमान के दोनों इंजन हवा में बंद हो गए थे, जिसके बाद यह बड़ा हादसा हुआ। वहीं, रिपोर्ट से पहले इस बात को लेकर संदेह जताया जा रहा था, अब रिपोर्ट आने के बाद इस बात की पुष्टि हो गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि कॉकपिट की वॉयस रिकॉर्डिंग में, एक पायलट को यह पूछते हुए सुना जा सकता है, आपने कटऑफ क्यों किया। और दूसरे पायलट का जवाब है, मैंने नहीं किया। तथ्य यह है कि स्विच ÒCUTOFF' मोड कैसे चले गए, जिससे इंजनों में ईंधन की कमी हो गई और हादसा हो गया। यही आगे की जांच का मुख्य केंद्र बिंदु होने की उम्मीद है। बड़ी बात यह है कि क्या पायलट ने इंजन को बंद करने का निर्णय जानबूझकर लिया था या यह सब अनजाने में हुआ था। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की अपनी जांच पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोग मारे गए थे और केवल एक ही बच पाया था। 12 जून को, AI171 विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक के लिए रवाना हुआ, लेकिन विमान - बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर - उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक यात्री को छोड़कर सभी की मौत हो गई। विमान हवाई अड्डे के पास एक इमारत से टकराया और इस दुर्घटना में कुल 260 लोगों की मौत हो गई, जो हाल के इतिहास में भारत के सबसे घातक विमान हादसों में से एक था। कॉकपिट ऑडियो से पुष्टि होती है कि एक पायलट ने पूछा, आपने क्यों बंद कर दिया।दूसरे ने जवाब दिया, मैंने नहीं किया।जब इंजनों की शक्ति कम हुई, तो आपातकालीन हाइड्रोलिक शक्ति प्रदान करने के लिए रैम एयर टर्बाइन - एक छोटा प्रोपेलर जैसा उपकरण - स्वचालित रूप से चालू हो गया। N1 या इंजन 1 आंशिक रूप से ठीक हो गया, लेकिन इंजन 2 टक्कर से पहले ठीक नहीं हो पाया। विमान केवल 32 सेकंड के लिए हवा में था- रनवे से 0.9 नॉटिकल मील दूर एक हॉस्टल में जा गिरा।

# सावरकर पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी ने खुद को निर्दोष बताया, इस मामले की सुनवाई आगे बढ़ी



पुणे, 12 जुलाई [एजेंसी]।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को पुणे की एक अदालत में वीर सावरकर पर की गई टिप्पणियों से संबंधित मानहानि के मामले में स्वयं को निर्दोष बताया। जिला न्यायाधीश (प्रथम श्रेणी) और विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए अदालत) अमोल श्रीराम शिंदे ने सावरकर के भतीजे सत्यकी सावरकर द्वारा लगाए गए आरोप को पढ़ा। इसके जवाब में राहुल ने अपने वकील मिलिंद पवार के माध्यम से दोषी न होने की दलील दी। लोकसभा में विपक्ष के नेता अदालत में उपस्थित नहीं थे। उनके वकील पवार ने उनकी ओर से अदालत में दोषी न होने की दलील दी।न्यायाधीश ने पूछा कि क्या आरोपित ने शिकायत और संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त की हैं। पवार ने इसका हां में उत्तर दिया। अदालत का दूसरा प्रश्न यह था कि क्या आरोपित ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को अच्छी तरह से समझा है। बचाव पक्ष के वकील ने इसका भी सकारात्मक उत्तर दिया। तीसरे और अंतिम प्रश्न कि क्या आप अपने को दोषी मानते हैं। वकील पवार ने राहुल गांधी की ओर से उत्तर दिया नहीं, मैं अपने आप को दोषी नहीं मानता। सत्य की सावरकर का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील संग्राम कोल्हटकर ने कहा कि चूंकि आरोपित के बयान दर्ज करने का चरण अब समाप्त हो गया है, इसलिए अब मामले की सुनवाई आगे बढ़ेगी। गौरतलब है कि सत्यकी सावरकर ने अप्रैल 2023 में राहुल गांधी के खिलाफ एक आपराधिक मानहानि शिकायत के साथ अदालत का रुख किया था। इसमें उन पर मार्च 2023 में लंदन में दिए गए भाषण के दौरान वीर सावरकर के खिलाफ असत्य टिप्पणी करने का आरोप है।

## तेलुगु मां है तो हिंदी हमारी मौसी, भाषा विवाद के बीच पवन कल्याण का बड़ा बयान

**हैदराबाद 12 जुलाई।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जन सेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने एक बार फिर हिंदी को लेकर बड़ा बयान दिया है। भाषा विवाद के बीच उन्होंने कहा कि तेलुगु



मां है तो हिंदी हमारी मौसी है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और आर्थिक समृद्धि, खासकर फिल्म उद्योग, को बढ़ावा देने में हिंदी की भूमिका की वकालत की है। हैदराबाद में राजभाषा विभाग के दक्षिण संवाद स्वर्ण जयंती समारोह में बोलते हुए, भाजपा के सहयोगी पवन कल्याण ने एक आकर्षक उदाहरण के साथ अपना दृष्टिकोण व्यक्त किया। पवन कल्याण ने कहा कि अगर तेलुगु हमारी माँ के समान है, तो हिंदी हमारी मौसी (पेद्दम्मा) के समान है।पवन कल्याण ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय भाषाओं का प्राथमिक महत्व है, लेकिन हिंदी भारत के विविध हिस्सों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हिंदी सीखने को किसी की क्षेत्रीय पहचान के लिए खतरा नहीं, बल्कि व्यापक अवसरों के लिए एक सक्षमकर्ता के रूप में देखा जाना चाहिए।

# निमिषा को नहीं मिलेगी मौत की सजा, अगर..., यमन में कैद भारतीय नर्स की जान बचाने का ये है बस एक तरीका

**नई दिल्ली।** केरल की रहने वाली निमिषा प्रिया को अपने बिजनस पार्टनर की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई जाएगी। यमन की राजधानी सना की जेल में बंद निमिषा को 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जाएगी। हालांकि, निमिषा की जान बचाने के लिए भारत सरकार पूरी कोशिश कर रही है। सवाल है कि आखिर कैसे निमिषा की जान बच सकती है। तो इसका जवाब ब्लड मनी है। दरअसल, मृतक के परिवार को ब्लड मनी देकर निमिषा को माफी दिलाने का रास्ता खोजा जा सकता है। निमिषा को बचाने के लिए सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल भी बनाया गया है। इस काउंसिल से जुड़े एक कार्यकर्ता ने कहा कि निमिषा प्रिया द्वारा कथित रूप से मारे गए यमनी नागरिक के परिवार को ब्लड मनी के तौर पर 8.6 करोड़ रुपये



पेशकश की गई है। कार्यकर्ता ने बताया कि प्रिया जेल में कैदियों की इलाज भी कर रही है। काउंसिल के कार्यकर्ता ने बताया कि मिषा के परिवार के पावर ऑफ अटॉर्नी धारक सैमुअल जेरोम, जो पहले से ही यमन के सना में हैं, हमारी ओर से बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं। बातचीत में कई महीने लग गए और हमने निमिषा प्रिया को बचाने के लिए 10 लाख डॉलर का प्रस्ताव रखा है। यमनी व्यक्ति के परिवार ने अभी तक हां या ना नहीं कहा है। एक बार परिवार हां कह दे, तो हम धनराशि जुटाएंगे और अगर वे निमिषा को माफ करने के लिए तैयार हों तो उन्हें दे देंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम परिवार से निमिषा को उसके किए या उस पर लगे आरोपों के लिए माफ़ करने का अनुरोध कर रहे हैं। अगर परिवार पैसे लेकर या बिना पैसे के माफी देने को तैयार है।

# चिराग पासवान को बम से उड़ाने की धमकी सामने आया ये नाम, साइबर थाने में एफआईआर दर्ज



**पटना 12 जुलाई।** लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को मिराज इदरीसी नाम के व्यक्ति द्वारा इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से बम से उड़ाने व जान मारने की धमकी दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. राजेश भट्ट ने रात सवा दस बजे बताया कि चिराग पासवान को जान से मारने के संबंध में साइबर थाना, पटना में लिखित प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। उनकी ओर से दर्ज प्राथमिकी में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने और इस मामले में संलिप्त अपराधी को अविलंब गिरफ्तार कर उस पर कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग सरकार और प्रशासन से की गई है। राजेश भट्ट ने कहा कि यह सिर्फ जनप्रतिनिधि और लोकतंत्र पर हमला ही नहीं, बल्कि दलित नेतृत्व पर भी कुठाराघात है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह से चिराग पासवान की पुख्ता सुरक्षा इंतजाम को सुनिश्चित करने की मांग की है।

# छांगुर शिजर-ए-तैय्यबा किताब से लव-जिहाद के लिए करता था प्रेरित, लखनऊ के इस होटल में पत्नी के साथ गुजारे थे 70 दिन



**लखनऊ।** मतांतरण कराने के मामले में पकड़े गए छांगुर और सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन ने लखनऊ की विकासनगर कालोनी के बीच घर में चल रहे होटल स्टार रूम्स को चुना था। इस होटल में 70 दिन रहने के दौरान वे किसी की नजर में भी नहीं आए। यहां शिजर-ए-तैय्यबा किताब से लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों और हिंदू युवतियों को प्रेरित करता था। जमालुद्दीन उर्फ छांगुर और उसकी महिला मित्र नसरीन बतौर पति-पत्नी की तरह रहते थे। होटल से ही मतांतरण करवाते थे। छांगुर के पास शिजर-ए-तैय्यबा किताब मिली है। जिसके जरिए लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों और हिंदू युवतियों को प्रेरित करता था। इस पुस्तक को उसने खुद छपवाया था। दोनों ने होटल में 16 अप्रैल को कमरा बुक कराया था। होटल कर्मचारियों ने दोनों को कमरा नंबर 102 दिया था। चार दिन इसमें रहे। इसके लिए छांगुर बाबा ने अपना और नसरीन का आधार कार्ड दिया था। नसरीन का आधार कार्ड नीतू नवीन रोहरा के नाम था। पांचवे दिन दोनों का कमरा बदल दिया गया। दोनों को कमरा नंबर 104 दिया गया। यहां पर करीब 66 दिन बिताया। कर्मचारियों के मुताबिक होटल में सिर्फ एक वकील उनसे अक्सर मिलने आता था। कमरे से बाहर भी नहीं के बराबर निकलते थे।

नसरीन ही दिन में दो बार निकलती थी। वह भी खाना लेकर वापस आ जाती थी।होटल के पास में ही मस्जिद स्थित है। किसी से मिलना होता था तो नसरीन ही बाहर आती थी। किसी को शक न हो इसके लिए मस्जिद के पास जाकर मिलती थी। वापस होटल में आ जाती थी। छांगुर उन्हीं से मिलता था, जिससे नसरीन मिलवाती थी।होटल से हाइवे पर आने के लिए उसे सिर्फ एक गली का फासला तय करना होता था। गली पार करते ही वह सीतापुर और अयोध्या हाइवे पर पहुंच जाता था। वहां से किसी भी दिशा में जा सकता था। फिलहाल एटीएस ने होटल से जो जानकारी लेनी थी

# चीन के स्कूलों में कैदी की तरह रह रहे 10 लाख तिब्बती बच्चे
## 4500 साल पुरानी संस्कृति को नष्ट कर रही चिनफिंग सरकार



नईदिल्ली, 12 जुलाई [एजेंसी]।

चीन तिब्बत का एक चेहरा दुनिया को दिखाता है, जिसमें शानदार गगनचुंबी इमारतें हैं और शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर है। लेकिन तिब्बत का एक दूसरा चेहरा भी है, जिसे दुनिया से छिपाकर रखा जाता है। छिपाकर रखे गए इन चेहरों में चीन सरकार की तरफ से वहां चलाए जा रहे बोर्डिंग स्कूल भी हैं, जिसमें लाखों बच्चों को कैदी की तरह जबरदस्ती रखा जाता है। इस बात का पर्दाफाश तिब्बतन एक्शन इंस्टीट्यूट (टीएआई) की एक नई रिपोर्ट में किया गया है। इसे शुक्रवार को एक कार्यक्रम में रिलीज किया गया। इसके मुताबिक, 10 लाख के करीब तिब्बती बच्चों को सरकार की तरफ से संचालित बोर्डिंग स्कूलों में रखा गया है। इसमें चार से छह वर्ष के बच्चों की संख्या एक लाख से ज्यादा है। टीएआई की यह रिपोर्ट कई वर्षों की साहसिक मेहनत का काम है। जिसमें इन बच्चों के सैकड़ों अभिभावकों का साक्षात्कार शामिल है। टीएआई ने कहा है कि चीन की सरकार जहां दलाई लामा संस्थान पर ही सवाल उठा रही है और उन्हें गलत साबित करने की कोशिश कर रही है, वहीं बोर्डिंग स्कूल के नेटवर्क के जरिये तिब्बती बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है। इसका एकमात्र उद्देश्य तिब्बत के असली निवासियों की पहचान को खत्म करना है।

इस ग्राउंड रिपोर्ट को तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ. ग्याल लो का कहना है कि 4500 साल पुरानी परंपरा और संस्कृति को नष्ट करने की यह रणनीति राष्ट्रपति शी चिनफिंग की है। इसमें से अधिकांश स्कूल ग्रामीण इलाकों में हैं, जहां छोटे- छोटे बच्चों को निशाने पर लिया जाता है। इसमें 18 वर्ष से कम आयु के बौद्ध भिक्षुओं को भी जबरदस्ती भर्ती किया जाता है। बच्चों को जबरन उनके परिवारों से अलग कर दिया जाता है।आमदो और खाम राज्य में इस तरह के 50 से ज्यादा स्कूलों का दौरा करने के बाद रिपोर्ट तैयार की गई है। यहां तिब्बत के बौद्ध धर्म के बारे में नहीं बल्कि चीन की पहचान, एकल संस्कृति और चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी के बारे में बताया जाता है।

## छात्राओं से यौन उत्पीड़न के आरोप में मेडिकल कॉलेज के चार कर्मी गिरफ्तार, लंबे समय से कर रहे थे परेशान

**काकिनाडा।** छात्राओं से यौन उत्पीड़न के आरोप में आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के एक मेडिकल कॉलेज के चार स्टाफ सदस्यों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति द्वारा 11 जुलाई को पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार बैचलर आफ साइंस इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलाजी (बीएससी. एमएलटी) और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की लगभग 50 छात्राओं ने आरोपितों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज की थीं। शिकायत के अनुसार इन स्टाफ सदस्यों ने लंबे समय तक छात्राओं का उत्पीड़न किया। आंतरिक शिकायत समिति की रिपोर्ट के आधार पर, रंगाराया मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल, ए. विष्णु वर्धन ने आरोपितों को निलंबित कर दिया है, जबकि अनुशासनात्मक कार्यवाही लंबित है।इन कर्मियों के आधिकारिक अनुमति के बिना काकिनाडा छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। इस बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट मांगी है और सभी आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## आपाताकाल के विवादास्पद MISA Act के सभी दस्तावेज सार्वजनिक करेगी दिल्ली सरकार, गृह विभाग को भेजीं फाइलें



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार विवादास्पद से संबंधित सभी दस्तावेज पहली बार सार्वजनिक करने जा रही है। इस अधिनियम का इस्तेमाल आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ बड़े स्तर पर किया गया था। सूत्रों के अनुसार मीसा से संबंधित सभी उपलब्ध फाइलें अंतिम मंजूरी के लिए गृह विभाग को भेज दी गई हैं। प्रक्रिया पूरी होते ही, दस्तावेज का डिजिटलीकरण कर उन्हें आम लोगों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इसका उद्देश्य भारत के राजनीतिक इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय को संरक्षित और साझा करना है।यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि यह प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी हो। मीसा से संबंधित दस्तावेज अन्य चार करोड़ दस्तावेज के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया के दौरान प्राप्त किए गए।सूत्रों ने बताया कि इन दस्तावेज में आपातकाल के दौरान गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं और लोगों के विवरण और रिपोर्ट शामिल हैं।यह कदम आपातकाल की 50वीं बरसी के बाद उससे संबंधित ऐतिहासिक अभिलेखों, विशेष रूप से मीसा के तहत की गई गिरफ्तारियों से संबंधित अभिलेखों में बढ़ती रुचि के बीच उठाया गया है। वर्ष 1975 और 1977 के बीच आपातकाल के दौरान जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी सहित कई विपक्षी नेताओं को मीसा के तहत हिरासत में लिया गया था। शाह जांच आयोग के अनुसार उस दौरान 35,000 से अधिक लोगों को बिना किसी मुकदमे के हिरासत में रखा गया था। राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक अशांति के मुद्दों से निपटने के लिए 1971 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार द्वारा 21 महीने के आपातकाल के दौरान मीसा कानून लागू किया था।

## एनएचएआई 124 सड़क परियोजनाओं के लिए लगाएगी बोली, चालू वित्त वर्ष में 3.4 लाख करोड़ रुपये होंगे खर्च

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने कहा है कि उसकी वित्त वर्ष 2025-26 में 3.4 लाख करोड़ रुपये की 124 राजमार्गों और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के लिए बोली लगाने की योजना है। एनएचएआई द्वारा बोली के लिए उठाए जाने वाले राजमार्गों की कुल लंबाई 6,376 किमी है। इसमें गोरखपुर-किशनगंज-सिलीगुड़ी 476 किमी परियोजना को एनएचएआई द्वारा हाइब्रिड एन्युइटी माडल (एचएएम) मोड के तहत बोलियों के लिए लिया जाएगा, जबकि थराड-डीसा-मेहसाणा-अहमदाबाद 106 किमी परियोजना को बिल्ड आपरेट एंड ट्रांसफर (बीओटी) मॉडल के तहत बोलियों के लिए लिया जाएगा। एनएचएआई ने कहा कि सर्विस रोड, ग्रेड सेपरेटेड स्ट्रक्चर के निर्माण द्वारा 48 किमी एनएच-44 के पंपोर (श्रीनगर) से काजीगुंड खंड की क्षमता वृद्धि को इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) माडल के तहत बोलियों के लिए लिया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं मुख्यतः तीन तरीकों से क्रियान्वित की जाती हैं , जिसमें निर्माण, संचालन और हस्तांतरण (बीओटी), हाइब्रिड एन्युइटी माडल (एचएएम) और इंजीनियरिंग खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) शामिल है। निर्माण, संचालन और हस्तांतरण (बीओटी) पर रखरखाव सहित परियोजनाओं के लिए रियायत अवधि 15 से 20 वर्ष और हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल (एचएएम) पर रखरखाव सहित परियोजनाओं के लिए रियायत अवधि 15 वर्ष है। रियायतग्राही परियोजना की रियायत अवधि के भीतर संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार होता है।

# डंकी रूट से विदेश भेजने वाले एजेंटों पर ईडी का शिकंजा
## 30 पासपोर्ट बरामद, एजेंसियों की साजिश का पर्दाफाश




जालंधर, 12 जुलाई [एजेंसी]।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में एक बड़े आपरेशन के दौरान डंकी रूट के जरिए विदेश भेजने वाले ट्रैवल एजेंटों और एजेंसियों की साजिश का पर्दाफाश किया है। ईडी ने कहा कि छापेमारी के दौरान 30 असली पासपोर्ट बरामद किए गए हैं और कई एजेंटों के नाम सामने आए हैं जो अवैध रूप से भारतीय नागरिकों को अमेरिका भेजने के इस खतरनाक नेटवर्क में शामिल हैं। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई, जिसकी जांच फरवरी 2025 में अमेरिका से भारतीय नागरिकों के निर्वासन के बाद दर्ज केस से शुरू हुई थी। ईडी ने बुधवार को पंजाब के अमृतसर, संगरूर, पटियाला और मोगा और हरियाणा के अंबाला, कुरुक्षेत्र और करनाल में तलाशी अभियान चलाया।'डंकी' शब्द उस अवैध और जोखिम भरे रास्ते के लिए लिया जाता है, जिसके जरिए आरोपित कई देशों की सीमाओं को पार कर अमेरिका या अन्य देशों में प्रवेश करते हैं। इसमें मानव तस्करी के दलाल यानी डोंकर्स और माफिया गिरोह की बड़ी भूमिका होती है।ईडी ने बताया कि इन एजेंटों ने अमेरिका जाने के इच्छुक लोगों को कानूनी वीजा और सुरक्षित यात्रा का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूली, लेकिन बाद में उन्हें डंकी रूट के जरिए भेजा गया। यह सफर जानलेवा परिस्थितियों, जंगलों, रेगिस्तानों और समुद्री सीमाओं से होकर गुजरता है।ये ट्रैवल एजेंट और माफिया संगठित तरीके से काम करते हैं। वे जानबूझकर प्रवासियों को जोखिम में डालते हैं ताकि उनके परिवारों से अधिक धन वसूला जा सके। ईडी ने एक एजेंट के घर से बरामद पासपोर्ट और दस्तावेजों के आधार पर हवाला के जरिए करोड़ों रुपये के लेन-देन के भी सबूत जुटाए हैं।

ईडी ने कहा है कि जिन एजेंटों और ट्रैवल एजेंसियों के नाम इस कार्रवाई में सामने आए हैं, उनके खिलाफ जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी।एजेंसी अब हवाला चैनलों और मनी लान्ड्रिंग की कड़ियों की गहराई से जांच कर रही है। यह मामला पंजाब और हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर से सामने आया है, जिसमें डंकी रूट के जरिए अमेरिका भेजे गए सैकड़ों नागरिकों के केस दर्ज हैं।

## रांची-भागलपुर सावन स्पेशल के फेरे घटे धनबाद से छिनी भागलपुर-रांची स्पेशल

**धनबाद।** धनबाद होकर चलने वाली रांची-भागलपुर सावन स्पेशल ट्रेन के परिचालन में बड़ा बदलाव किया गया है। सप्ताह में तीन दिन के बदले अब दो दिन ही चलेगी। रांची से शनिवार व सोमवार को चलेगी। बुधवार के सभी फेरे रद कर दिए हैं। 08610 रांची-भागलपुर सावन स्पेशल ट्रेन 12 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगी।इसके साथ ही भागलपुर से रांची के बीच धनबाद होकर चलने वाली सावन स्पेशल ट्रेन छिन गई है। रेलवे ने इस ट्रेन को धनबाद के बदले भागलपुर से जसीडीह, नवादा, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना व मूरी होकर चलाने की घोषणा की है। मार्ग में बदलाव के साथ ही इस ट्रेन का नंबर भी बदल दिया गया है। परिवर्तित मार्ग से टिकटों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। शुक्रवार को संशोधित आदेश जारी कर दिया गया।धनबाद होकर चलने वाली 08609 भागलपुर-रांची सावन स्पेशल अब 08689 भागलपुर-रांची सावन स्पेशल बन चलेगी। भागलपुर से रविवार, मंगलवार व गुरुवार के बदले अब सप्ताह में दो दिन रविवार व मंगलवार को चलेगी।इस ट्रेन में नए नंबर के साथ टिकटों की बुकिंग भी शुरू हो गई है।

# आईपीएस अधिकारी जेपी सिंह ने ली वीआरएस, बिहार चुनाव में उतरने की है तैयारी



**शिमला 12 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पद पर कार्यरत डा. जेपी सिंह ने एच्छिक सेवानिवृति (वीआरएस) ले ली है। वर्ष 2000 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। पुलिस मुख्यालय में उन्हें फेयरवेल भी दे दी गई है। वर्ष 2001 में वह कांगड़ा में बतौर प्रोबेशनर तैनात हुए। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांगड़ा के पद पर रहे। इसके बाद वह राज्यपाल के एडीसी, एसपी चंबा, एसपी सिरमौर, कमांडेंट, एसपी इंटेलिजेंस थे। मौजूदा समय में वह एडीजीपी सीआईडी का पद पर कार्यरत थे। वे आईजी दक्षिण रेंज व आईजी नॉर्थ रेंज के अलावा विजिलेंस में भी सेवाएं दे चुके हैं।31 जुलाई 2027 को इनकी सेवानिवृति होनी थी। इससे पहले इन्होंने वीआरएस ले ली। बताया जा रहा है कि जेपी सिंह बिहार के छपरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज से चुनाव लड़ सकते हैं।

# पाकिस्तान एआई का कर सकता है हथियारीकरण, एआई अलायंस नेटवर्क के लिए पाकिस्तान के पर DIF ने जताई आपत्ति

नईदिल्ली, 12 जुलाई [एजेंसी]।

थिंक टैंक डिजिटल इंडिया फाउंडेशन (डीआईएफ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एआई अलायंस नेटवर्क की सदस्यता के लिए पाकिस्तान एआई प्रौद्योगिकी केंद्र के आवेदन पर कड़ी आपत्ति जताई है। डीआईएफ, एआई अलायंस नेटवर्क (एआइएएनईटी) का संस्थापक सदस्य है। इसमें 17 अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं, जिनमें से तीन चीन के हैं। एआईएएनईटी को लिखे एक पत्र में डीआईएफ ने कहा है कि पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को समर्थन, एफएटीएफ की निरंतर जांच, पाकिस्तानी केंद्र की विशेष प्रयोगशालाओं के जरिये एआई के संभावित हथियारीकरण और पाकिस्तान के एआई पारिस्थितिकी तंत्र में संस्थागत जवाबदेही या नैतिक निगरानी का अभाव भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। डीआईएफ ने कहा, एआई के नैतिक, पारदर्शी और शांतिपूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध संस्थानों के एक बहुपक्षीय गठबंधन के लिए अगर पाकिस्तानी केंद्र के आवेदन को स्वीकार किया जाता है, तो इससे एआईएएनईटी की




विश्वसनीयता, सुरक्षा और साझा मूल्यों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। थिंक टैंक ने कहा कि ऑटोनोमस एआई एंड डिसीजन सपोर्ट लैब, कंप्यूटर विजन लैब और एज कंप्यूटिंग लैब के लिए साफ्टवेयर ऑप्टिमाइजेशन ऐसी क्षमताओं से लैस हैं जिन्हें आसानी से आक्रामक साइबर अभियानों, सीमा पार से हमलों और स्वतः लक्ष्य बनाने वाली प्रणालियों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। डीआईएफ ने कहा, आतंकी समूहों को पनाह देने और क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करने के इतिहास वाले सरकारी तंत्र के हाथों में ये प्रौद्योगिकियां एक अस्वीकार्य सुरक्षा जोखिम पैदा करती हैं। डीआईएफ के सह-संस्थापक और प्रमुख अरविंद गुप्ता ने कहा, पाकिस्तानी केंद्र के आवेदन को पाकिस्तान द्वारा अपनी विशेष प्रयोगशालाओं के माध्यम से एआई को हथियार बनाने के उद्देश्य से हमारे अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्राप्त करने के तरीके के रूप में देखा जाना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि ऐसा न हो।

# कपड़े पर चाय या कॉफी का दाग लग गया है? इन तरीकों से हटाएं

**चाय या कॉफी का दाग कपड़े पर लग जाए तो उसे साफ करना मुश्किल हो जाता है, खासकर अगर यह सफेद या हल्के रंग के कपड़ों पर लग जाए तो दाग हटाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपने कपड़ों पर लगे चाय या कॉफी के दाग आसानी से हटा सकते हैं और अपने कपड़ों को पहले की तरह नया बना सकते हैं।**



ठंडे पानी का करें इस्तेमाल

दाग हटाने के लिए ठंडा पानी सबसे अच्छा उपाय होता है। जब भी आपके कपड़े पर चाय या कॉफी का दाग लगे, तुरंत उसे ठंडे पानी से धो लें। गर्म पानी से धोने पर दाग जम जाता है और हटाने में मुश्किल होती है, इसलिए हमेशा ठंडे पानी का ही उपयोग करें। ठंडा पानी दाग को जल्दी ढीला करता है और कपड़े की गुणवत्ता भी बनी रहती है, जिससे आपके कपड़े लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं।

नमक का करें उपयोग

नमक एक प्राकृतिक सफाई का तरीका है, जो दाग हटाने में मदद करता है।

अगर आपके कपड़े पर चाय या कॉफी का दाग लगा है तो उसे तुरंत नमक लगाकर कुछ मिनट छोड़ दें। इसके बाद हल्के हाथों से रगड़ें और ठंडे पानी से धो लें। नमक दाग को गहराई तक पहुंचकर उसे ढीला कर देता है, जिससे दाग आसानी से निकल जाता है। इस तरीके से आपके कपड़े की गुणवत्ता भी बनी रहती है और वह पहले जैसा नया दिखता है।

सिरका भी है असरदार

सिरका एक बेहतरीन प्राकृतिक उपाय है, जो कपड़ों से जिद्दी दाग हटाने में मदद करता है। अगर आपके कपड़े पर चाय या कॉफी का दाग लगा है तो उसे सिरके के घोल (एक कप पानी में दो चम्मच सिरका मिलाकर) से रगड़ें। इससे दाग धीरे-धीरे हल्का हो जाएगा और कपड़े की रंगत भी बरकरार रहेगी। इस प्रक्रिया को दो-तीन बार दोहराने पर दाग पूरी तरह हट सकता है।

बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

बेकिंग सोडा एक ऐसा पदार्थ है, जो दाग हटाने में बहुत ही कारगर होता है। अगर आपके कपड़े पर चाय या कॉफी का दाग लगा है तो उसे बेकिंग सोडा के घोल (एक चम्मच बेकिंग सोडा को पानी में मिलाकर) से रगड़ें। इससे दाग धीरे-धीरे हल्का हो जाएगा और कपड़े की गुणवत्ता भी बनी रहेगी। इस प्रक्रिया को दो-तीन बार दोहराने पर दाग पूरी तरह हट सकता है।

नींबू का रस भी है असरदार


नींबू का रस प्राकृतिक सफेदी देने वाला होता है, जो सफेद कपड़ों पर लगे जिद्दी दागों को साफ करने में मदद करता है। अगर आपके कपड़े पर चाय या कॉफी का दाग लगा हो तो नींबू के रस को सीधे उस जगह पर लगाएं और कुछ मिनट के लिए छोड़ दें।

इसके बाद हल्के हाथों से रगड़ें और ठंडे पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को दो-तीन बार दोहराने पर दाग पूरी तरह हट सकता है।



## गुरु रंधावा के साथ काम करना मतलब एकदम कातिल तजुर्बा था: रेवती माहुरकर

100 मिलियन व्यूज़ पार कर चुकी म्यूज़िक वीडियो क़त्ल के साथ, डेब्यूटांट रेवती माहुरकर इन दिनों फैंस और इंडस्ट्री दोनों से खूब वाहवाही बटोर रही हैं। उनकी परफॉर्मेंस को जहां रॉ इमोशन और ग्रेस के लिए सराहा जा रहा है, वहीं रेवती खुद इस मौके के लिए बेहद शुक्रगुजार हैं कि उन्हें म्यूज़िक सुपरस्टार गुरु रंधावा के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिला जिसे वो अपना करियर-डिफाइनिंग मोमेंट मानती हैं। सेट के अनुभव को याद करते हुए रेवती ने कहा, गुरु इतने सपोर्टिव और डाउन-टू-अर्थ हैं कि पहले दिन से ही ऐसा लगा जैसे किसी पुराने दोस्त के साथ शूट कर रही हूं। उनका एनर्जी और ईज़ के साथ परफॉर्म करना इतना इंस्पायरिंग था कि मेरी भी बेस्ट परफॉर्मेंस वहीं निकल गई! बॉस्को मार्टिस द्वारा डायरेक्ट और वार्नर म्यूज़िक द्वारा रिलीज़ किया गया ये गाना एक फ्यूचरिस्टिक, डार्क डांस नंबर है जिसमें विज़ुअल ड्रामा और इमोशन की पूरी बारात है। रेवती ने इसमें एक मिस्ट्री भरे और बोल्ड कैरेक्टर को जिस अंदाज़ में निभाया है, वो वीडियो को और भी खास बना देता है।



## भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी ने पिंक ड्रेस में ढाया कहर

भोजपुरी और टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. आकांक्षा ने पिंक कलर की खूबसूरत लेस ड्रेस पहनकर अपनी कुछ हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिनमें उनका बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज देखते ही बनता है. एक्ट्रेस ने पोस्ट में लिखा, गुलाबी रंग के हर टांके में रोमांस. फोटोज में आकांक्षा का कॉन्फिडेंट पोज, सॉफ्ट कर्ल हेयरस्टाइल और मिनिमल मेकअप उनके लुक को और भी एलिगेंट बना रहा है. पिंक ड्रेस के साथ मैचिंग नेल पॉलिश और ओपन हेयर ने भी उनके ग्लैम लुक में चार चांद लगा दिए हैं. फैंस उनकी इन तस्वीरों पर दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं और कमेंट सेक्शन में फायर और हार्ट इमोजी की बारिश कर रहे हैं. कुछ ही घंटों में इन तस्वीरों को हजारों लाइक्स मिल चुके हैं. सोशल मीडिया पर यूजर्स ने उन्हें फैंटास्टिक, ब्यूटीफुल और स्टनिंग बताते हुए तारीफों के पुल बांधे हैं. आकांक्षा पुरी का यह लेटेस्ट फोटोशूट एक बार फिर साबित करता है कि वह सिर्फ एक शानदार एक्ट्रेस ही नहीं बल्कि एक फैशन दीवा भी हैं, जिनका हर लुक सोशल मीडिया पर छा जाता है. आकांक्षा पुरी का ये अंदाज यह भी दिखाता है कि वह अपने फैशन सेंस से हर बार फैंस को सरप्राइज करना जानती हैं. उनके हर लुक में एक खास कॉन्फिडेंस और स्टाइल नजर आता है, जो उन्हें बाकी से अलग बनाता है और यही वजह है कि उनकी हर तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हो जाती है.

## घर पर खुद से करें थ्रेडिंग, जानिए इसके लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्रियां और प्रक्रिया

आमतौर पर महिलाएं थ्रेडिंग के लिए ब्यूटी पार्लर जाती हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि इसे आप घर पर खुद से भी कर सकती हैं। इसके लिए आपको केवल कुछ आसान स्टेप्स फॉलो करने होंगे। थ्रेडिंग से न केवल आपकी आइब्रो को सही आकार देती हैं, बल्कि यह प्रक्रिया कम समय लेती है और इससे दर्द भी कम होता है। आइए आज हम आपको थ्रेडिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्रियां और इसे करने की प्रक्रिया बताते हैं।

थ्रेडिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्रियां

थ्रेडिंग के लिए आपको एक पतला और मजबूत धागा चाहिए। इसके अलावा आपको एक पेंसिल, बर्फ का टुकड़ा, बेबी पाउडर, एलोवेरा जेल और काजल की जरूरत पड़ेगी। पेंसिल से अपनी आइब्रो का आकार बनाएं, बर्फ का टुकड़ा से त्वचा को ठंडा करें, बेबी पाउडर लगाएं ताकि दर्द कम हो, एलोवेरा जेल लगाकर आंखों को ठंडक मिलेगी। इसलिए ये सामान अपने पास जरूर रखें।

थ्रेडिंग करने से पहले त्वचा को करें ठंडा

थ्रेडिंग करने से पहले अपनी त्वचा को ठंडा करना जरूरी है। इसके लिए आप बर्फ का टुकड़ा का इस्तेमाल कर सकते हैं। बर्फ का टुकड़ा को अपनी आइब्रो पर कुछ सेकंड के लिए रखें। यह प्रक्रिया त्वचा को आराम देती है और दर्द को कम करती है। इससे त्वचा की संवेदनशीलता भी कम होती है, जिससे थ्रेडिंग के दौरान आपको कम दर्द होगा। इसके अलावा यह त्वचा को ताजगी भी महसूस कराता है।

बेबी पाउडर लगाएं- बेबी पाउडर लगाने से आपकी त्वचा की सतह मुलायम हो जाती है, जिससे बाल आसानी से निकल जाते हैं। इसके लिए थोड़े से बेबी पाउडर को अपनी आइब्रो पर हल्के हाथों से लगाएं। इससे बालों को निकालना आसान हो जाएगा और दर्द भी कम होगा। बेबी पाउडर लगाने से त्वचा की संवेदनशीलता भी कम होती है, जिससे थ्रेडिंग के दौरान आपको कम दर्द होगा। यह प्रक्रिया त्वचा को आराम देती है और उसे ताजगी भी महसूस कराती है।

धागे को सही तरीके से बांधना सीखें

धागे को सही तरीके से बांधना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए आपको दो धागों को एक साथ बांधकर एक लूप बनाना होगा। इस लूप को अपनी उंगलियों के बीच घुमाते हुए दोनों हाथों की



मदद से थ्रेडिंग करनी होती है। ध्यान रखें कि धागा बहुत कसा हुआ नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे दर्द होगा और त्वचा पर चोट लग सकती है। थोड़ी प्रैक्टिस के बाद आप इसे आसानी से कर पाएंगे।

एलोवेरा जेल लगाएं

थ्रेडिंग के बाद एलोवेरा जेल लगाना बहुत फायदेमंद होता है। यह जेल त्वचा को ठंडक देता है और सूजन कम करता है। इसके अलावा यह त्वचा को नमी देता है और रूखेपन से बचाता है। एलोवेरा जेल में ऐसे गुण होते हैं, जो त्वचा को आराम पहुंचाते हैं। इसके नियमित उपयोग से त्वचा की नमी बनी रहती है और वह मुलायम महसूस होती है। इससे थ्रेडिंग के बाद की जलन भी कम होती है।

## विग्नेश राजा की फिल्म से धनुष की पहली झलक आई सामने, शुरू हो गई शूटिंग

अभिनेता धनुष को पिछली बार फिल्म कुबेर में देखा गया था, जिसमें उन्होंने एक भिखारी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धनुष के काम को काफी सराहा गया था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले समय में धनुष कई बेहतरीन फिल्मों में नजर आएंगे। इन्हीं में एक निर्देशक विग्नेश राजा की फिल्म भी है, जिसका अस्थायी नाम फिलहाल डी54 रखा गया है। अब डी54 से धनुष की पहली झलक सामने आ गई है। सामने आए पोस्टर में धनुष का धांसू अवतार दिख रहा है। निर्माताओं ने लिखा, कभी-कभी खतरनाक बने रहना ही जीवित रहने का एकमात्र तरीका होता है।धनुष ने पोर थोझिल फेम विग्नेश राजा द्वारा निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में ममिथा बैजू मुख्य भूमिका में हैं, जबकि जयराम, केएस रविकुमार, सूरज वेंजरामूडु, करुणास और पृथ्वी पंडिराज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जीवी प्रकाश कुमार इस फिल्म का संगीत तैयार कर रहे हैं।

## फिर दिखेगा बाहुबली का जलवा; रिलीज होगी बाहुबली: द एपिक, राजामौली ने किया ऐलान



साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बाहुबली द बिगनिंग को 10 साल पूरे हो गए हैं। प्रभास स्टारर इस फिल्म को 10 जुलाई 2015 को रिलीज किया गया था। फिल्म ने वर्ल्डवाइड शानदार कमाई की थी और सबसे सक्सेसफुल फिल्मों में अपना नाम दर्ज कराया। आज जब फिल्म को 10 साल पूरे हो गए हैं तो मेकर्स ने ऑडियंस को एक और तोहफा देने का ऐलान कर दिया है।

दरअसल बाहुबली फिल्म के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से इस बात का ऐलान किया गया है कि बाहुबली के पहले और दूसरे पार्ट को एक साथ सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बाहुबली मूवी ने लिखा है- 10 साल पहले, एक सवाल ने पूरे देश को एकजुट कर दिया था...अब वही सवाल और उसका जवाब लौट रहे हैं — एक भव्य महाकाव्य में साथ-साथ। बाहुबली द एपिक पूरी दुनिया में 31 अक्टूबर 2025 को रिलीज हो रही है।

बाहुबली: द एपिक' दरअसल पहली और दूसरी फिल्म का संयुक्त संस्करण है जिसे एक भव्य सिनेमाई अनुभव के रूप में दोबारा परदे पर लाया जाएगा। ये ना सिर्फ बाहुबली की कहानी को फिर से जीने का मौका देगा, बल्कि आज की नई पीढ़ी को भी उस जादू से रूबरू कराएगा जिसने एक दशक पहले पूरी दुनिया को इंप्रेस कर दिया था।

फिल्म के डायरेक्टर एस एस राजामौली ने इस

## शब्द सामर्थ्य -106

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |



## केडी-द डेविल का धांसू टीजर जारी, ध्रुव सरजा का भौकाली एक्शन और संजय दत्त ने किया खून-खराबा, रौब में नजर आई शिल्पा

कन्नड़ फिल्म केडी-द डेविल का बहुप्रतीक्षित टीजर जारी कर दिया गया है. मेकर्स ने केडी - द डेविल के स्टार कास्ट के किरदारों से पर्दा हटाते हुए फिल्म का टीजर रिलीज किया है. फिल्म के टीजर का अनावरण मुंबई में किया है. केवीएन प्रोडक्शन हाउस ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर केडी - द डेविल का बहुप्रतीक्षित टीजर जारी किया और कैप्शन में लिखा है, सबसे हिंसक अध्याय की शुरुआत. केडी का टीजर पुराने जमाने के रोष को एक अभूतपूर्व स्तर पर फिर से ले जाएगा.

टीजर की शुरुआत एक चेतावनी के साथ होती है, जिसमें लिखा है, अलर्ट, यह ट्रेलर कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम जैसी कई भाषाओं में देखा जा सकता है. बस सेटिंग्स में जाएं, ऑडियो ट्रैक पर क्लिक करें और अपनी पसंदीदा भाषा चुनें. टीजर की शुरुआत एक्शन सीन से होती है.टीजर में ध्रुव सरजा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, नोरा फतेही, रेशमा नानाय्या, रमेश अरविंद और वी रविचंद्रन के किरदार से परिचय कराया गया है, जो काफी दमदार है. इस बीच ध्रुवा और संजय दत्त का दमदार एक्शन सीन दमदार बैकग्राउंड म्यूजिक के साथ दिखाया है.टीजर में बताया गया है कि ध्रुवा और संजय के किरदार के बीच खून का रिश्ता होता है, लेकिन वो रिश्ता अंग में दौड़ने वाले खून का नहीं है.

निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने पर डॉ. आशुतोष ने की सख्त कार्रवाई

# शासकीय राशि गबन करने पर सोनहत के दो ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**कोरिया।** जिले में शासन द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों की राशि गबन कर कार्य अधूरा छोड़ने वाले दो ग्राम पंचायत सचिवों को जिला प्रशासन ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश व जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई है। डॉ. चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि शासकीय धन का गबन गंभीर अपराध है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

निलंबन आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत कचोहर के सचिव लालमन सोनवंशी, पूर्व में ग्राम पंचायत अकलासरई में पदस्थ थे। वहां राजीव गांधी सेवा केंद्र निर्माण के लिए एक लाख दस हजार रुपये आहरित किए गए थे, लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। संतोषजनक जवाब न देने पर इन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर जनपद पंचायत सोनहत कार्यालय में संलग्न किया गया है। अब ग्राम पंचायत कचोहर का प्रभार श्री धन सिंह को सौंपा गया है। वहीँ दूसरा मामला है, ग्राम पंचायत कछाड़ी का है। इस मामले में ग्राम सचिव रामचरण, पूर्व में ग्राम पंचायत कछाड़ी में पदस्थ थे। इन्होंने सर्व शिक्षा अभियान के तहत भवन निर्माण हेतु 21 हजार रुपये आहरित किए, लेकिन कार्य अधूरा रहा। बार-बार नोटिस देने के बावजूद जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर इन्हें भी निलंबित किया गया है। दोनों सचिवों को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998, ग्राम पंचायत सचिव कृत्य नियम 1999 तथा अनुशासन व अपील नियम 1999 के तहत दोषी पाया गया और नियम 4(क) व 4(ख) के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की योजनाओं में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक सतर्कता और अधिक बढ़ाई जा रही है।

# स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग की समन्वय बैठक

उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के 25 लक्षणों पर चर्चा




**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में मातृ मृत्यु दर कम करने हेतु गुरुवार को महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला परियोजना अधिकारी जे.आर. प्रधान सहित दोनों विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

बैठक में विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के 25 प्रकार के लक्षणों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह तय किया गया कि यदि गर्भवती महिला में इन 25 में से कोई भी लक्षण पाया जाता है, तो उसे विशेष निगरानी में रखा जाएगा। उसके लिए समय-समय पर उपचार, पौष्टिक आहार, और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. चतुर्वेदी ने निर्देशित किया कि महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मिलकर समन्वय के साथ कार्य करें। सभी गर्भवती माताओं की नियमित हीमोग्लोबिन जांच कर आवश्यकतानुसार आयरन- फोलिक एसिड तथा कोरिया मोदक लड्डू और प्रोटीन युक्त आहार उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त, कम वजन वाले शिशुओं के जन्म को रोकने हेतु स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ताओं को सामूहिक काउंसलिंग करने के निर्देश दिए गए। विकासखंड स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारी एवं सीडीपीओ तथा सेक्टर स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक और पर्यवेक्षकों की नियमित अंतर विभागीय बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जे.आर. प्रधान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक असरफ अंसारी, बीएमओ डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा, सीडीपीओ श्रीमती अनुपमा सिंह, समस्त बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ, महिला पर्यवेक्षक तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टीबी मरीजों को पोषण आहार देने आगे आए जनप्रतिनिधि




**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को प्रोटीन युक्त पोषण आहार उपलब्ध कराने हेतु की गई निक्षय मित्र बनने की अपील का असर दिखे लगा है। अब जनप्रतिनिधि भी इस पुनीत कार्य में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े एवं सभापति श्रीमती सुषमा कोराम द्वारा जिले के 16 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें 6 माह तक पोषण आहार देने का संकल्प लिया गया। ये सभी सहायता अपने-अपने जिला पंचायत मानदेय से प्रदान की जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने 6 मरीजों को गोद लिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने 5 मरीजों की जिम्मेदारी ली। जिला पंचायत सभापति श्रीमती सुषमा कोराम ने भी 5 मरीजों को गोद लेकर सहायता की शुरुआत की। मोहित पैकरा ने कहा कि टीबी मरीजों की सेवा मानवता की सेवा है। कोई भी व्यक्ति या जनप्रतिनिधि निक्षय मित्र बनकर इस कार्य में जुड़ सकता है। वहीं श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, सीईओ डॉ. चतुर्वेदी और सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके प्रयासों से हम अपने क्षेत्र के लोगों की मदद कर पा रहे हैं। सभापति श्रीमती सुषमा कोराम ने कहा, कोरिया जिले के हर अभियान का हिस्सा बनकर हम जनसेवा के लिए तत्पर हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि वर्तमान में जिले में 113 टीबी मरीज नियमित दवा ले रहे हैं। सामान्य टीबी की दवा का कोर्स 6 माह तक चलता है, और इस अवधि में मरीजों को पर्याप्त पोषण आहार की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीबी की जांच एवं उपचार पूर्णतः निःशुल्क है। कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जे.आर. प्रधान, जिला क्षय अधिकारी डॉ. ए.के. सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक असरफ अंसारी, बीएमओ डॉ. श्रेष्ठ मिश्रा सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घर से लाखों रुपए के जेवर पार

**रायपुर।** भैरव नगर स्थित घर से अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के सोने के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रूबिना अंजुम 50 वर्ष भैरवनगर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के आलमारी में रखे सोने का कंगन और 2 नग सोने का सिक्का पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## चौक में खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** कमल विहार चौक में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# खरीफ 2025 के लिए फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई

जिले में अधिसूचित फसलों पर किसानों को मिलेगा बीमा सुरक्षा का लाभ

**कोरिया।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2025 के लिए बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को राज्य शासन द्वारा कोरिया जिले में अधिकृत बीमा प्रदाता नियुक्त किया गया है। इस योजना के अंतर्गत फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी कृषकों से अपील की गई है कि वे प्राकृतिक आपदाओं, कीट व रोग आक्रमण एवं फसल कटाई उपरांत होने वाले संभावित नुकसान से अपनी फसलों को सुरक्षित करने हेतु बीमा अवश्य कराएं।

कोरिया जिले के लिए अधिसूचित फसलों में धान (सिंचित व असिंचित), उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, तुअर (अरहर), रागी एवं सोयाबीन शामिल हैं। इन फसलों के लिए किसानों को बीमांकित राशि का केवल दो प्रतिशत कृषक अंश प्रीमियम के रूप में जमा करना होगा, शेष प्रीमियम राज्य व केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। जिले में प्रति हेक्टेयर धान सिंचित की बीमांकित राशि 50 हजार है, बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम दर 12 प्रतिशत, किसानों द्वारा 2 प्रतिशत प्रीमियम दर, राज्यांश व केंद्रांश प्रीमियम दर 5-5 प्रतिशत है। इसी तरह धान असिंचित प्रति हेक्टेयर की बीमांकित राशि 40 हजार है, बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम दर 7 प्रतिशत, किसानों द्वारा 2 प्रतिशत प्रीमियम दर, राज्यांश व केंद्रांश प्रीमियम दर 2.50-2.50 प्रतिशत है। वहीं उड़द की प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि 22 हजार है, बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम दर 10 प्रतिशत, किसानों द्वारा 2 प्रतिशत प्रीमियम दर, राज्यांश व केंद्रांश प्रीमियम दर 4-4 प्रतिशत है। मूंग की प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि 22 हजार है, बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम दर 5 प्रतिशत, किसानों द्वारा 2 प्रतिशत प्रीमियम दर, राज्यांश व केंद्रांश प्रीमियम दर 1.50-1.50 प्रतिशत है। मूंगफली की प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि 42 हजार है, बीमा कंपनी और किसानों द्वारा प्रीमियम दर 2-2 प्रतिशत है, इसमें राज्यांश व केंद्रांश नहीं है जबकि अरहर की प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि 30 हजार है, बीमा कंपनी द्वारा प्रीमियम दर 9 प्रतिशत, किसानों द्वारा 2 प्रतिशत प्रीमियम दर, राज्यांश व केंद्रांश प्रीमियम दर 3.50-3.50 प्रतिशत है। ऋणी कृषक संबंधित सहकारी समिति या बैंक शाखा में सहमति पत्र भरकर बीमा करा सकते हैं। वहीं अऋणी कृषक नजदीकी सीएससी (ग्राहक सेवा केंद्र) में पहुँच कर बीमा करा सकते हैं। इसके अलावा फसल बीमा पोर्टल www.pmfby.gov.in या Crop Insurance मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं बीमा कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे समय सीमा के भीतर फसल बीमा कराकर प्राकृतिक जोखिमों से अपनी मेहनत की फसल को सुरक्षित करें। विस्तृत जानकारी हेतु किसान टोल फ्री नंबर 14447, नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र, बैंक शाखा अथवा अपने क्षेत्रीय कृषि अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।



## प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना के तहत कन्या विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता से हुआ 'न्योता भोज'

**कोरिया।** प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में मंगलवार को सामुदायिक सहभागिता के साथ न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय के सेवा निवृत्त शिक्षक श्री नंदलाल सोनी एवं वर्तमान प्राचार्य श्री ए. एल. गुप्ता का सराहनीय सहयोग रहा। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ के शासकीय विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन को अधिक पोषक एवं समावेशी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह एक स्वैच्छिक पहल है, जिसमें कोई भी व्यक्ति या संगठन किसी विशेष अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भोज का आयोजन कर सकता है या खाद्य सामग्री का योगदान दे सकता है। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री शैलेश शिवहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई यह योजना बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा नए शिक्षा सत्र की शुभकामनाएं दी गईं तथा छात्राओं को पढ़ाई और पोषण के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएं और छात्राएं इस आयोजन में शामिल रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर गायत्री मंदिर में कार्यक्रम आयोजित विधायक भैयालाल राजवाड़े ने किया भूमि पूजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बैकुंठपुर स्थित गायत्री मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोरिया जिले के लोकप्रिय विधायक भैयालाल राजवाड़े विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने न केवल गुरुजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि मंदिर परिसर में विधायक निधि से बनने वाले सामुदायिक कक्ष का भूमि पूजन भी विधिवत रूप से सम्पन्न किया। इस सामुदायिक कक्ष का निर्माण लगभग 15 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। यह भवन क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। गुरु केवल ज्ञान के स्रोत नहीं, बल्कि हमारे जीवन की प्रेरणा होते हैं। शिक्षा, संस्कार और जीवन के उच्चतम मूल्यों का संचार करने वाले सभी गुरुजनों को गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर मैं सादर नमन करता हूं। यह पर्व हमें गुरु की महिमा को समझने और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि गायत्री मंदिर क्षेत्र में सामुदायिक भवन की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, और अब इसका निर्माण शीघ्र ही प्रारंभ होगा। यह भवन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक, मंदिर समिति के सदस्य और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंत्रोच्चार और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। उपस्थित जनसमूह ने विधायक का आभार प्रकट करते हुए सामुदायिक भवन निर्माण को क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात बताया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में गुरु महिमा पर आधारित भजन, प्रवचन एवं यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** गोबरानवापारा और आरंग पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 33 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 430 रुपए जब्त किया है। गोबरानवापारा पुलिस ने ग्राम जौंदी में दबिश देकर आरोपी मानिक लाल साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने रानीसागर तालाब के पास आरोपी मनोज लोधी 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 15 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 230 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

* **रायपुर।** टिकरापारा और सिविल लाइन पुलिस ने गांजा के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

## शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का ग्रामीण शिक्षा पर सकारात्मक असर

**कोरिया।** राज्य शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पहल अब धरातल पर असर दिखा रही है। कोरिया जिले के सोनहत व बैकुंठपुर विकासखंडों के प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूलों में विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति के बाद न केवल शैक्षणिक माहौल में सुधार हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों की उपस्थिति में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, अब प्रत्येक विषय के लिए समुचित रूप से प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई में बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। छात्र-छात्राएं अब सभी विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से कक्षा में ही प्राप्त कर पा रहे हैं और बाहरी ट्यूशन पर निर्भरता कम हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह पहल खासकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। शिक्षक संख्या में संतुलन आने से शिक्षकों पर काम का बोझ भी कम हुआ है और वे छात्रों पर अधिक ध्यान दे पा रहे हैं। ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जहां शिक्षक कम हैं, वहाँ उनकी तैनाती की जाए। इस निर्णय से न केवल स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हो रही है, बल्कि विद्यार्थियों को उनका शैक्षणिक भविष्य संवारने का एक बेहतर अवसर भी मिल रहा है।

## ताइक्वांडो प्रशिक्षक प्रांजल का किया गया गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सम्मान

**बलरामपुर।** जिले में गुरु पूर्णिमा के दिन भाजपा प्रदेश संगठन के आह्वान पर गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें बलरामपुर जिले के भाजपा के विशिष्ट लोगों ने ताइक्वांडो(मार्शल आर्ट) के प्रशिक्षक प्रांजल सिंह को विशेष रूप से आमंत्रित किया और उनके कार्य के लिए उन्हें साल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। प्रांजल बलरामपुर जिल के पहले राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं उन्होंने निरंतर अपनी मेहनत से दो बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया है और राज्य सहित जिले का नाम रोशन किया है। जो वर्तमान में निरंतर अपने कार्य में प्रशिक्षक के तौर पर प्रगतिशील हैं। प्रांजल ने मीडिया को बताया कि इस उम्र में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु के रूप में सम्मान पाना ये बड़ी सौभाग्य की बात है इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं मैं लंबे समय से ताइक्वांडो (मार्शलआर्ट) के माध्यम से कई जिलों में आत्म रक्षा का प्रशिक्षण देते आया हूं कई सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल,कॉलेज सहित सरकारी और निजी जागरूकता शिविरों के आयोजनों में निःशुल्क हजारों लड़के,लड़कियों एवं पुरुष, महिलाओं, को खुशी से प्रशिक्षण दिया है और आजीवन मौके आने पर देते रहूंगा इस काम में खुद को गौरांवित महसूस करता हूं जिससे आत्म रक्षा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लोग जिसमें छोटे बच्चे,लड़कियां,महिलाएं, अपनी सुरक्षा करना सिख पाती हैं और खुद को निडर महसूस करती हैं ये अनुभव खुशी दे कर जाता है। जिला मुख्यालय बलरामपुर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अलग-अलग विधाओं में गुरुओं का सम्मान किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, बाल कृष्ण पाठक,बिहारी पाल,बंसीधर गुप्ता, दीनानाथ यादव,दिलीप सोनी, सत्य प्रकाश सिंह, कोदूराम द्विवेदी, डॉ अर्चना गुप्ता,इत्यादि वरिष्ठों के साथ साथ शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं स्वामी आत्मानंद स्कूल से आए सैकड़ों बच्चों और स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही कार्यक्रम के संयोजक मुन्ना लाल चौधरी एवं भानु प्रकाश दीक्षित रहे।





# पौधों की परवरिश करें बच्चों की तरह, तभी वृक्षारोपण सार्थक: कलेक्टर

**कोरिया बैकुंठपुर।** सावन माह की हरियाली की शुरुआत कोरिया जिले में विशेष रूप से यादगार बन गई, जब एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन और पंचायत विभाग के नेतृत्व में ग्राम चेरवापारा में बड़े पैमाने पर फलदार पौधों का रोपण किया गया। जिला पंचायत कार्यालय के पीछे स्थित लगभग डेढ़ एकड़ रिक्त शासकीय भूमि पर आम, आंवला, कटहल, लीची, जामुन और अमरूद के करीब 100 पौधे लगाए गए।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने स्वयं फावड़ा उठाकर उन्नत किस्म के आम का पौधा लगाया और पानी डालकर यह संदेश दिया कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, पौधा लगाना सरल है, लेकिन उसकी परवरिश बच्चों की तरह करना ही असली काम है। पौधों को मवेशियों से बचाना, खरपतवार हटाना और समय-समय पर देखरेख करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य केवल फल या छांव प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि इसका लाभ सम्पूर्ण जीव-जगत और पर्यावरण को मिले, यह सोचकर पौधे लगाए जाने चाहिए। जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने औषधीय गुणों से भरपूर आंवले का पौधा लगाया और कहा कि जैसे कुपोषित बच्चों को पोषण देकर सशक्त बनाना हमारी जिम्मेदारी है, वैसे ही बंजर भूमि को हरित बनाना भी हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए प्राणवायु, भूजल स्तर में वृद्धि और पर्यावरणीय संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पौधरोपण स्थल पर सेल्फी पाइंट भी बनाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा सेल्फी फ़ोटो ली गई। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, सुरेश सिंह, श्रीमती शिव कुमारी सिंह, श्रीमती सुषमा सिंह कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर प्यारे लाल साहू तथा जिला प्रशासन और पंचायत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इस अभियान में पूरे उत्साह से शामिल हुए और पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

# सरकारी योजनाओं का हालचाल जानने अधिकारियों से संवाद किया राज्यपाल ने





**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका दो दिन के प्रवास पर कोरबा में हैं। आज दूसरे दिन उन्होंने एनटीपीसी कावेरी भवन और जिला मुख्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए। इसके बाद अधिकारियों की बैठक ली। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में उनका प्रवास है। राज्यपाल के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने सख्त व्यवस्था कर रखी है। इससे सड़कों का नजारा बदला हुआ देखा गया।

पिछली शाम राज्यपाल जिले में पहुंचे। एनटीपीसी में उनकी अधिकारियों ने अगवानी की। आज सुबह अभियान के तहत राज्यपाल ने एनटीपीसी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को मजबूती देने वाले अभियान में भागीदारी की और स्मृतियों को जीवंत रखने पौधा लगाया। एनटीपीसी प्रशासन के अधिकारियों द्वारा भी इस क्षेत्र में पौधे लगाए गए। संकल्प लिया गया कि जिस स्थिति में आज ये पौधे लगे हैं आगे भी इनकी यही दशा होना चाहिए ताकि दूसरों को प्रेरणा मिल सके। एनटीपीसी के कार्यक्रम के बाद राज्यपाल श्री डेका अपने काफिले के साथ कोरबा के लिए रवाना हुए। यहां पर उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और छत्तीसगढ़ की समृद्धि की प्रगति के हर रास्ते पर अग्रणी रहने को लेकर इसमें फोकस किया गया। नीतिगत मामलों पर भी यहां संवाद हुआ। राज्यपाल ने अधिकारियों को सकारात्मक रूप से कामकाज करते हुए सर्वहारा वर्ग के हितों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा। कहा गया कि अधिकारियों से जन सामान्य की अपेक्षाएं होती है। सामान्य समास्याओं के निराकरण को लेकर लोग अपेक्षा करते हैं इसलिए इस दिशा में सक्रियता से काम किया जाना चाहिए। बैठक में अधिकारियों से संवाद के साथ कुछ मसलों पर व्यवहारिक समस्या भी जानी गई। व्यस्त कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यपाल श्री डेका दोपहर को पोड़ी उपरोड़ा पहुंचेंगे। वहां भी क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक लेने के साथ कई बिंदुओं पर उनका मार्गदर्शन किया जाएगा। क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाने और लोगों की अपेक्षा की कसौटी पर खरा उतरने का आग्रह भी होना संभावित है।

## सड़क से मवेशी गायब

वीआईपी के दौरे को ध्यान में रखते हुए जिला मुख्यालय में पहली बार बड़े स्तर पर तैयारी की गई। इसे सख्ती से फॉलो किया गया। इसके अंतर्गत उन रास्तों पर मवेशी आज नजर नहीं आए जहां से राज्यपाल के काफिले को गुजरना था। इसके लिए उस टीम को जिम्मेदारी दी गई जिसे निगरानी करने के लिए पहले से कहा गया है। याद रहे कुछ दिन पहले से ही नगर निगम के द्वारा शहरी क्षेत्र में अभियान प्रारंभ करते हुए 75 से ज्यादा मवेशियों की धरपकड़ की गई और गोकुलनगर गोठान भेज दिया गया। निगम का कहना है कि अनेक पशुपालकों के द्वारा यूज एंड थ्रो के सिद्धांत पर ऐसे मवेशी पाले गए और जब मतलब निकल गया तो उन्हें छोड़ दिया गया। ये आवागमन के लिए बाधा बन रहे हैं और इनसे दुर्घटनाएं हो रही है।

## व्यवसाय थमा रहा

स्थानीय स्तर पर की गई कोशिश के तहत शनिवार को बुधवारी चौक से वीआईपी रोड के हिस्से में व्यवसायिक गतिविधियां थमी रही। सामान्य तौर पर यहां सुबह से रोड के आसपास ठेले-टपरे लग जाते हैं और दूसरी दुकानें खुल जाती है। जबकि सीएसईबी काम्प्लेक्स में संचालित दुकानें 10.30 के आसपास शुरू होती है। ऐसे में अलग-अलग काम के लिए सड़क के आसपास भीड़भाड़ होना स्वाभाविक है। इस रास्ते से वीआईपी काफिला गुजरने पर समस्याओं की संभावना को देखते हुए संबंधितों को कह दिया गया कि दोपहर 3 बजे के बाद वे अपना काम शुरू करें। मवेशियों को हटाने का काम पहले ही कर लिया गया था और दूसरी चुनौतियों के लिए लोगों को निर्देशित कर दिया गया। चर्चा रही कि इस तरह का प्रयोग कोरबा में पहली बार किया गया है।

## स्कूल बसों की फिटनेस जांच की मांग

**कोरबा।** युवा कांग्रेस बांकीमोंगरा ब्लाक के उपाध्यक्ष जयंत चंद्रा ने मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल कुसमुंडा को पत्र लिखकर मांग की है कि इस क्षेत्र में कई स्कूल है। उन स्कूलों में छात्रों के लिए बसें चलायी जाती है। इन बसों की फिटनेस जांच जरूरी हो गया है। क्योंकि ढेलवाडीह बांकीमोंगरा क्षेत्र के छात्र इन बसों में बैठते हैं।

## ग्रामीण की जल समाधि

**कोरबा।** जामकछार इलाके के एक कुएं में ग्रामीण की डूबने से मौत हो गई। आज सुबह उसका शव स्थानीय लोगों की मदद से निकाल लिया गया। कोरबी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पोड़ी उपरोड़ा भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि जामकछार पंचायत के बोदलाभाठा क्षेत्र में यह घटना हुई। 72 वर्षीय करण सिंह पिता गनपत सिंह गोंड असावधानीवश कुएं में जा गिरा। बारिश की वजह से कुआं लबालब भर गया था और समस्या बनी थी। घटना के बारे में जानकारी तब हुई जब कई घंटे तक ग्रामीण को नहीं देखा गया। खोजबीन के दौरान शव कुएं में दिखाई दिया। पुलिस ने बताया कि बीएनएसएस की धारा में मर्ग दर्ज किया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है कि पानी वाली जगहों से दूर रहें।






## दंतैल हाथियों ने किया धरमजयगढ़ का रूख

**कोरबा।** जिले के कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में विचरण कर रहे दो दंतैल हाथियों ने अब एक बार फिर पड़ोसी धरमजयगढ़ वनमंडल का रूख कर लिया है जिससे वन विभाग के संबंधित स्टाफ ने कुछ राहत महसूस किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विचरणरत दंतैल हाथियों ने रात में मूव्हमेंट किया और मांड नदी को पार कर धरमजयगढ़ वनमंडल के जंगल में पहुंचकर वहां डेरा डाल दिया। इससे पहले दंतैल हाथियों के आने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। जानकारी मिलते ही वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर निगरानी बढ़ा दी है। उधर कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां से एतमानगर, केंदई व जटगा रेंज में 46 की संख्या में हाथी तीन अलग-अलग समूहों में विचरण कर रहे हैं। क्षेत्र में विचरणरत हाथियों की निगरानी लगातार वन विभाग द्वारा की जा रही है। इस कार्य में मैदानी अमला व ड्रोन की मदद ली जा रही है।

## रहमान बने सांसद प्रतिनिधि



**कोरबा।** कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योतसना महंत ने युवा कांग्रेस के कटघोरा विधानसभा के अध्यक्ष रहमान खान को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री खान कुसमुंडा के हिन्दी व अंग्रेजी स्कूल में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। रहमान खान युवा कांग्रेस के कई पदों में रह चुके हैं। उनकी योग्यता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

## भामसं ने लिली को बनाया अध्यक्ष

**कोरबा।** बीकेकेएमएस के अध्यक्ष हीरेन्द्र चंद्रा व महामंत्री रंजय सिंह ने कई इकाईयों में प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। जिसके बाद से प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर कार्य कर रहे हैं। रजगामार इकाई प्रभारी उत्तम कुलदीप व बाबूलाल चंद्रा ने महिलाओं की बैठक ली। यहां पर लिली पवार को अध्यक्ष व संतोषी महतो को सचिव बनाया गया है। इसी तरह जीएम शाखा इकाई में रितु चटर्जी को अध्यक्ष व नमिता सिंह को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। जीएम शाखा के अध्यक्ष संजय दयाल व सचिव भुनेश्वर कश्यप द्वारा महिलाओं की बैठक ली गई। इसी तरह प्रत्येक प्रतीक पांडेय को मानिकपुर का प्रभारी, अरविंद का ढेलवाडीह की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि अशोक सूर्यवंशी को बगदेवा व सिंघाली क्षेत्र के प्रभारी होंगे।

## चेक बाउंस मामले में आरोपी को एक माह कारावास की सजा

### बैंक की ओर से धनेश ने की पैरवी



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक बालको शाखा से एक लाख रुपए का ऋण लेकर उसे समय पर न लौटाने एवं ऋण उन्मोचन हेतु अभियुक्त द्वारा परिवादी बैंक को जारी किए गए चेक के अनादरित (बाउंस) होने से अभियुक्त को एक माह की साधारण सजा सुनाते हुए एक लाख रुपए प्रतिकर के रूप में बैंक को देने का आदेश अदालत द्वारा पारित किया गया है।

जानकारी के अनुसार रामबाबू पांडेय पिता शियावल्लभ पांडेय उम्र 42 वर्ष निवासी मकान नं.498 सेक्टर-5 ए-टाइप अंबेडकर भवन के पीछे बालकोनगर द्वारा लेडिज गारमेन्ट्स के व्यवसाय हेतु छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के बालकोनगर शाखा से एक लाख रुपए का ऋण प्राप्त किया गया था जिसे अदा करने के लिए उसके द्वारा परिवादी बैंक को 1 लाख 3 हजार 35 रुपए की राशि का चेक प्रदान किया गया। पर्याप्त राशि के अभाव में चेक डिस्ऑनर हो गया। बैंक ने अधिवक्ता के जरिए व्यक्ति को सूचना दी। इसके पश्चात् भी वह रकम चुकाने में असफल रहा। हालांकि उसने प्रकरण के विचारण के दौरान बैंक में जाकर 60 हजार रुपए का भुगतान किया है जिसे समायोजित किया गया। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए न्यायाधीश कुमुदनी गर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा द्वारा गत दिनों प्रकरण में अभियुक्त को दोषी पाते हुए एक माह का साधारण कारावास से दंडित करते हुए रुपए एक लाख प्रतिकर के रूप में बैंक को अदा करने की सजा सुनाई गई। समय पर बैंक को रकम नहीं लौटाने पर अभियुक्त को एक महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भी सुनाई गई है। परिवादी बैंक की ओर से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह द्वारा की गई।

## मुंडा मोहल्ला से गिरफ्तार किया आरोपी को

**कोरबा।** 26 वर्षीय रिंकू सरना को मुंडा मोहल्ला से बालकोनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उस पर 11 वर्ष की बालिका से दुष्कर्म करने का आरोप है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। उसके यहां छिपे होने की सूचना मिली। पास्को एक्ट की धारा 115-2, 65-2 की कार्रवाई की है।


जय भोले

प्लाट बेचना है

दादर कोरबा में 20 डिसमिल रजिस्ट्री प्लाट एवं 15 डिसमिल डायवर्टेड प्लाट बेचना है।

संपर्क करें

62681-46606





स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com